page 1_Layout 1 22-09-2026 21:25 Page 1

डेली आवाज़ भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज़ भारती

आवश्यकता

'डेली आवाज़ भारती'
को विभिन्न क्षेत्रों में
न्यूज़ रिपोर्टरों की
आवश्यकता
इच्छुक एवं अनुभवी
पत्रकार संपर्क करें।
मो. +91 98766 79246

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » बुधवार, 23 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :151 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

भारत आएंगे अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान, फ्रांस के राफेल भी आएंगे नजर

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । अमेरिका के एफ-35 और फ्रांस के राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान भारतीय लड़ाकू विमानों के साथ हवाई अभियानों में हिस्सा लेंगे। ये लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना के बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति-2026' का हिस्सा बनेंगे। अभ्यास में करीब 40 देशों के शामिल होने की जानकारी है। इनमें कुछ देश अपने लड़ाकू विमानों और अन्य वायु परिसंपत्तियों के साथ हिस्सा लेंगे, जबकि अन्य देश पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल होंगे। इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भारत के अलावा अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, जर्मनी, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात अपने विमान और वायुसेना संसाधन लेकर भारत पहुंचेंगे। भारतीय वायुसेना का बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास तरंग शक्ति-2026 इस बार बेहद व्यापक स्तर पर आयोजित होने जा रहा है। राजस्थान के जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर यह अभ्यास 28 सितंबर से 11 अक्टूबर तक होगा। यहां अमेरिका छह एफ-35 लड़ाकू विमानों और दो केसी-135 विमान लेकर शामिल होगा। फ्रांस की ओर से सात राफेल, तीन ए400एम और दो एमआरटीटी विमान अभ्यास में हिस्सा लेंगे। ऑस्ट्रेलिया एक सी-130 विमान के साथ और बांग्लादेश एक सी-130 विमान के साथ अभ्यास में शामिल होगा। जर्मनी दो ए400एम विमान भेजेगा। श्रीलंका एक किंग एयर 350 विमान के साथ भाग लेगा। संयुक्त अरब अमीरात की ओर से छह एफ-16 और एक ग्लोबल 6000 विमान अभ्यास में शामिल होंगे।

भारतीय वायुसेना भी अपने प्रमुख लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास में हिस्सा लेगी। इसमें राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, एलसीए तेजस, जगुआर, मिराज और मिग-29 शामिल हैं। इस तरह भारतीय और विदेशी वायु सेनाओं के लड़ाकू विमानों को एक साथ जटिल हवाई अभियानों का अभ्यास करने का अवसर मिलेगा।

तरंग शक्ति-2026 का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच परिचालन सहयोग, आपसी समन्वय और संयुक्त सामरिक प्रक्रियाओं को मजबूत करना है। अभ्यास के दौरान भाग लेने वाली वायु सेनाएं एक-दूसरे की परिचालन प्रक्रियाओं और अनुभवों को समझेंगी। अलग-अलग परिस्थितियों में हवाई अभियानों के संचालन, सामरिक समन्वय और मिशन से जुड़ी क्षमताओं का अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास में करीब 40 देशों की भागीदारी इसे व्यापक अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेगी। इनमें सात देश लड़ाकू विमानों और अन्य वायु परिसंपत्तियों के साथ सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे, जबकि बाकी देश पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेंगे। इससे विभिन्न वायु सेनाओं के बीच पेशेवर आदान-प्रदान और परिचालन अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा। 10 अक्टूबर को विशिष्ट आगंतुक दिवस और मीडिया दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अभ्यास में शामिल विभिन्न देशों के वायुसेना दल और उनके विमानों की गतिविधियों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा।

28 सितंबर से 11 अक्टूबर तक चलने वाला तरंग शक्ति-2026 भारतीय वायुसेना और मित्र देशों की वायु सेनाओं के बीच संयुक्त प्रशिक्षण और परिचालन अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण मंच होगा।

58 कंपनियों के पंजीकरण के दावे पर 'आप' की शिकायत, जांच की मांग

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी आप ने अपने राष्ट्रीय कार्यालय के पते पर 58 अज्ञात कंपनियों के पंजीकरण का दावा करते हुए दिल्ली पुलिस और जीएसटी विभाग से शिकायत की है। पार्टी का आरोप है कि नई दिल्ली स्थित उसके राष्ट्रीय कार्यालय के पते का इस्तेमाल कर इन कंपनियों का पंजीकरण कराया गया है। आप ने इसे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को बदनाम करने की कथित साजिश बताया है। 'आप' की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय 1, कैनिंग लेन, नई दिल्ली के पते पर जुलाई से सितंबर के बीच 58 कारोबारों का त्रस्ज्ञ पंजीकरण कराया गया। उनका दावा है कि इन पंजीकरणों के लिए आधार सत्यापन भी किया गया है। भारद्वाज के मुताबिक, पार्टी ने मामले की शिकायत प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर, त्रस्ज्ञ, दिल्ली के कमिश्नर, डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेड एंड टैक्सेस और नई दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से की है। उन्होंने केंद्र सरकार से मामले की जांच कराने की मांग की। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि इसके पीछे भाजपा की साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि फरवरी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले इस तरह की जानकारी सामने लाकर यह प्रचार किया जा सकता है कि आप कई शेल कंपनियां चला रही है और उनके जरिए चंदा हासिल करती है। यह भाजपा पर लगाया गया आप का आरोप है, जिसकी स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल सामने नहीं आई है। सौरभ भारद्वाज ने सवाल उठाया कि आप के राष्ट्रीय कार्यालय के पते पर 58 कंपनियों का पंजीकरण आखिर कैसे हुआ। उन्होंने केंद्र सरकार से पूछा कि इन कंपनियों के GST पंजीकरण और आधार सत्यापन की प्रक्रिया में किन लोगों और दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। आप नेता ने कहा कि पार्टी इस मामले में संबंधित विभागों को औपचारिक शिकायत दे चुकी है। उन्होंने मांग की कि यह पता लगाया जाए कि इन कंपनियों को किसने पंजीकृत कराया, पंजीकरण के लिए कार्यालय के पते का इस्तेमाल कैसे हुआ और सत्यापन की प्रक्रिया में क्या-क्या दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। इन कंपनियों के वास्तव में 'शेल कंपनियां' होने और इनके पंजीकरण के पीछे किसका हाथ है, इसकी स्वतंत्र पुष्टि अभी सामने नहीं आई है। आप ने संबंधित विभागों से मामले की जांच की मांग की है। खबर लिखे जाने तक इन आरोपों पर संबंधित सरकारी विभागों या भाजपा की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए मजबूत वित्तीय ढांचे की वकालत की

डेली आवाज भारती

नवगठित सातवें पंजाब वित्त आयोग के साथ की बैठक



चंडीगढ़/सुकून महाजनः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए मजबूत वित्तीय ढांचे की वकालत की। उन्होंने वित्तीय स्थिरता और जमीनी स्तर पर प्रभावी शासन सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के लिए अनुशासित वित्तीय मार्ग और टिकाऊ वित्तीय संस्थाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।
नवगठित सातवें पंजाब वित्त आयोग के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷आयोग का गठन पंचायतों/नगरपालिकाओं और राज्य के बीच करों, शुल्कों, रोड टैक्स और अन्य की हिस्सेदारी के लिए विशेष सिफारिशें करने के अलावा इन नागरिक संस्थाओं की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए अन्य सिफारिशें करने हेतु किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, आयोग पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिकाओं को वित्तीय विकेंद्रीकरण सुनिश्चित करने का संवैधानिक माध्यम है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 73वें संविधान संशोधन के तहत बनाई गई जमीनी स्तर की संस्थाओं के पास अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए वित्तीय क्षमता हो। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा, राज्य वित्त आयोग के पास पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति की जांच करने और स्थानीय सरकारों की वित्तीय देनदारियों तथा वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने के लिए एक ढांचे की सिफारिश करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, आवश्यक नागरिक सेवाएं प्रदान करने और स्थानीय बुनियादी ढांचे के निर्माण में पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों की बढ़ती जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए संसाधनों के आवंटन की एक पारदर्शी, न्यायसंगत और टिकाऊ प्रणाली की आवश्यकता है।
मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है कि आयोग स्थानीय निकायों की आय क्षमता, व्यय संबंधी जिम्मेदारियों और वित्तीय आवश्यकताओं का व्यापक मूल्यांकन करेगा और उनकी वित्तीय क्षमता को मजबूत करने तथा उन्हें अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से निभाने में सक्षम बनाने के लिए व्यावहारिक और भविष्य को ध्यान में रखकर सिफारिशें करेगा।
मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷आयोग के पास यह अधिकार है कि वह राज्य द्वारा लगाए जाने वाले करों, शुल्कों, टोल और फीस की कुल प्राप्ति को राज्य और पंचायतों/नगरपालिकाओं के बीच बांट सकता है। उन्होंने कहा, आयोग के महत्व का अंदाजा इस बात से आसानी से लगाया जा सकता है कि यह सभी स्तरों पर पंचायतों/नगरपालिकाओं के बीच ऐसी प्राप्तियों में हिस्सेदारी के वितरण की सिफारिश भी करता है।
मुख्यमंत्री ने आगे कहा, पंचायतों/नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए आवश्यक कदमों की सिफारिश करने के लिए भी आयोग बहुत जरूरी है।

जालंधर के सत्य अस्पताल में 7 साल के बच्चे की मौत

परिजनों ने लगाए पैसे मांगने और जानकारी छिपाने के आरोप

- परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल मैनेजमैंट पर पैसे ऐंठने के आरोप लगाए
- अस्पताल ने उन्हें बच्चे से मिलने नहीं दिया और इलाज के नाम पर पैसे मांगे

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर के कपूरथला चौक के पास देर रात सत्यम अस्पताल में 7 साल के बच्चे की मौत के बाद हंगामा देखने को मिला। परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल मैनेजमैंट पर पैसे ऐंठने के आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि अस्पताल वालों ने उन्हें बच्चे से मिलने नहीं दिया और इलाज के नाम पर बार-बार पैसे मांगे गए। वहीं घटना की शिकायत के बाद थाना डिवीजन नंबर 2 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने अस्पताल के अंदर जाकर स्थिति का जायजा लिया और दोनों पक्षों से बातचीत शुरू की। थाना 2 की साह अनु ने कहा कि मामले की पूरी जांच की जा रही है। परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बच्चे के पिता शमशेर ने कहा कि सोमवार को उनका बच्चा छत से गिर गया था और उसके सिर में चोट लग गई थी। जिसके बाद उसे सत्यम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उनका आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ ने शुरू से ही उनसे सिर्फ पैसों की मांग की है। कभी दवाईयों के नाम तो कभी टेस्ट के नाम पर हजारों रुपए जमा करवाए गए। लेकिन एक बार भी बच्चे की हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल वालों ने उन्हें बच्चे से मिलने नहीं दिया और उसकी मौत की बात भी छिपाई गई। पहले 5 बजे फिर 6 बजे और उसके बाद 7-8 बजे मिलने का टाइम दिया गया। जब उन्होंने अंदर जाने की कोशिश की तो अस्पताल के बाउंसरों व सिक्योरिटी गार्ड्स ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। काफी मशक्कत के बाद जब बच्चे के चाचा अंदर पहुंचे, तब जाकर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

परिवार का इकलौता बेटा, इंसाफ की लगाई गुहार

परिजनों का आरोप है कि जब बच्चे की मौत हो चुकी थी, तब भी अस्पताल प्रशासन उनसे पैसे ऐंठने में लगा हुआ था। अगर अस्पताल समय रहते उन्हें बच्चे की गंभीर स्थिति बता देता या डिस्चार्ज कर देता, तो वे उसे किसी दूसरे अस्पताल ले जा सकते थे। मृतक बच्चा अपने माता-पिता का अकेला बेटा था और उसकी तीन बहनें हैं। फिलहाल पीड़ित परिवार अस्पताल के बाहर बैठकर इंसाफ की गुहार लगा रहा है।

हम नशे की बुराई के खिलाफ मावां धीयां के लिए न्याय चाहते हैं : हरसिमरत कौर बादल

डेली आवाज भारती

राज्यव्यापी नशे के खिलाफ महिला अभियान का शुभारंभ किया





बठिंडा/चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज पंजाब की ''मावां धीयां'' के लिए न्याय की मांग करते हुए एक अभियान शुरू किया जो आम आदमी पार्टी सरकार के तहत हर गावं में ड्रग्ज के खतरे का शिकार हो रहे और यहां तक कि नौजवानों की एक पूरी पीढ़ी इस खतरे का शिकार बन रहे हैं। बठिंडा सांसद ने रामपुरा फूल और नथाना में महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए माओं और बेटियों से जाग्रत होने को कहते हुए आम आदमी पार्टी नेताओं और पुलिस की मिलीभगत को तो ने का आहवाहन करते हुए कहा कि नशा उनके बेटों और पिताओं को निगल रहा है। उन्होने कहा,'' आइए हम 'माई भागो' के वारिसों की कमान संभाले और हर गांव में जाकर इन मौत के सौदागरों को सबक सिखाएं।'' दोनों जगहों पर बे पैमाने पर मार्च निकाला गया और राज्य को राज्यपाल को भेजे जाने के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दो बलात्कार के मामलों को दबाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी गुरप्रीत कौर को दी गई 5 करो रूपये की रिश्वत के गंभीर आरोपों की स्वतंत्र समयबद्ध जांच की मांग की, जिसके कारण एक सीरियल रेपिस्ट को जेल से रिहा कर दिया गया था। इस ज्ञापन में नशे की लत से तबाह हुए सभी परिवारों के लिए न्याय और पुनर्वास की मांग की गई। इसमें मोहनजीत सिंह पर की गई यातना और गुलजार सिंह की जबरन आत्महत्या सहित पुलिस अत्याचार के सभी मामलों में न्याय सुनिश्चित करने की मांग की गई है। एक भावुक भाषण में बठिंडा सांसद ने कहा,'' महिलाएं मेरे आप आकर बता रही हैं कि उनके बेटे नशे के शिकार हो गए हैं, क्योंकि पंजाब में नशा की होम डिलीवरी उपलब्ध है। उन्होने कहा कि अब समय आ गया है कि हम इस मामले में खुद कार्रवाई करें क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकार और मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार दोनों ने ही हमारे भरोसे को धोखा दिया है। इन दोनों पार्टियों ने नशे के खतरे को खत्म करने का वादा कर वोट लिए थे। आज हमारे पास ऐसी सरकार है जिसके कार्यकाल में ड्रग तस्करी अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। नशे के कारण नौजवान की हर दिन मौत हो रही है, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान कुछ करने के बजाय झूठ बोल रहे हैं और रोजाना करोड़ों रूपये के आत्म-प्रचार में लिप्त हैं।''यह कहते हुए कि आम आदमी पार्टी सरकार पंजाब की महिलाओं को 1000 रूपये प्रति माह की दर से 60हजार रूपये देने का वादा करने के बाद उन्हें केवल 3000 रूपये देकर खरीदने की कोशिश कर रही है। पंजाब की महिलाएं न केवल बे पैमाने पर ड्रग्ज की तस्करी से पीि त हैं, बल्कि राशन, बेरोजगारी और मंहगाई जैसी सामाजिक भलाई लाभों से भी वंचित हैं। उन्होने कहा,'' भगवंत मान के पास उनकी पी ा दूर करने का कोई उपाय नही है और इसके लिए वे उन्हें 2027 में उन्हें मुंहतो जवाब देंगी।'' बीबा बादल ने कहा कि एक मुख्यमंत्री जो खुद अपने नशे की लत नही छो सकता, वह उनके लिए कुछ नही कर सकता। बीबा बादल ने कहा,'' इस सरकार ने नशे की लत के खिलाफ आवाज उठाने वालों को दबाकर तानाशाही को एक नए स्तर पर ले गए हैं। दिड़बा निवासी गुलजार सिंह की सिर्फ यही गलती थी कि उन्होने वित्तमंत्री हरपाली चीमा द्वारा संबोधित 'लोक मिलनी' में सिंथेटिक ड्रग्ज की खुली उपलब्धता पर चिंता व्यक्त की थी।

तेलंगाना के रिम्स अस्पताल में आग

मचा हड़कंप, 20 बच्चों को बचाया, तीन नवजात बच्चों की गई जान

- वार्ड में भर्ती अन्य बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया
- यह घटना 21 सितंबर की रात करीब 11:50 बजे हुई है

डेली आवाज भारती



तेलंगाना के आदिलाबाद में सोमवार देर रात राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS) अस्पताल में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग अस्पताल के उस वार्ड में लगी, जहां कई नवजात और बच्चे भर्ती थे। हादसे में झुलसने के कारण तीन नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जबकि वार्ड में भर्ती अन्य बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। फिलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है। घटना की जांच की जा रही है। अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और आग से बचाव के इंतजामों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जांच के बाद ही वास्तविक वजह सामने आ सकेगी। जानकारी के मुताबिक, यह घटना सोमवार 21 सितंबर की रात करीब 11ः50 बजे हुई। अस्पताल के वार्ड में अचानक आग लगने के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग जिस वार्ड में लगी थी, वहां 20 से अधिक बच्चे भर्ती थे। राहत की बात यह रही कि बचाव अभियान के दौरान 20 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

दो नवजातों की झुलसने से मौत

आग की चपेट में आने से दो नवजात शिशु गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें बचाने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद अस्पताल में मौजूद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। हालांकि, अस्पताल के इस वार्ड में आग आखिर कैसे लगी, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है।

CMYK

page 2_Layout 1 22-09-2026 20:45 Page 1

पंजाब में भाजपा की सरकार आने की आहट से विपक्ष में बेचैनी

जनता ने नकार दिया इन दलों का वजूद : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चण्डीगढ। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष पर तकलीफ हो रही है कि पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ रही है। इसके अलावा, विज ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इन सभी पार्टियों का वजूद जनता ने नकार दिया है ये अकेले लें या अलग-अलग लें, इनका खात्मा होना तय है। उन्होंने कहा कि जब-जब विपक्ष को देश में मौके मिले, तब-तब ये कुछ करके नहीं दिखा सके और फेल बच्चों को जनता क्यों पसंद करेगी। विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा आने वाले चुनावों को देखते हुए राजनीतिक पार्टियों द्वारा एक दूसरे पर वार-पलटवार का सिलसिला शुरू हो गया है कांग्रेस के बे नेताओं का बयान भी सामने आया जिसमें उन्होंने सपा के साथ गठबंधन करने से इंकार किया है, के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। केजरीवाल ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के पंजाब दौरे के बाद उन पर निशाना साधते हुए कहा है कि नशे के खिलाफ ले ई की शुरुआत पंजाब से नहीं, मुंधरा पोर्ट से होनी चाहिए। अगर आपको पंजाब की रत्ती भर भी चिंता है तो गुजरात से आने वाले नशे को रोकिए। केजरीवाल के इस ट्वीट पर विज ने निशाना साधते कहा केजरीवाल को तकलीफ यह हो रही है कि पंजाब में भाजपा की सरकार आने वाली है, और भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब में नशे के खिलाफ अभियान शुरू किया है। विज ने कहा कि जब से यात्रा चल रही है इनकी धे कने बे रही हैं कि अगर इनकी सरकार आ गई तो नशा बंद हो जायेगा और नशे के किंग पिन से जो राजनीतिज्ञ जुे हुए हैं, उनकी राजनीती ख़राब हो जाएगी और इसी डर से यह इस प्रकार के बयान दे रहे हैं।

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया है, कि हरियाणा में किसानों के लिए 'भाजपा का डबल'' इंजन 'धोखे का डबल डो ' साबित हो रहा है, के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा राज में किसानों की नीतियों पर पूरा जोर दिया जा रहा है, और हरियाणा में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलें खरीदी जा रही है। प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रूपए दिए जा रहे हैं, जिससे उनके छोटे-मोटे काम पूरे हो जाते हैं आज से पहले किसी सरकार ने यह काम नहीं किये।

गरीबों को पांच किलो राशन नहीं, सम्मानजनक रोजगार चाहिए : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि भारत महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद और डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने वाला देश है। यहां सभी जातियों और धर्मों के लोग मिल-जुलकर रहते आए हैं, लेकिन भाजपा की विभाजनकारी नीतियों के कारण देश का सामाजिक भाईचारा और शांति प्रभावित हो रही है। कुमारी सैलजा मंगलवार को रतिया विधानसभा क्षेत्र के नागपुर स्थित शगुन पैलेस में आयोजित नागपुर ब्लॉक कांग्रेस अधिवेशन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास, रोजगार और जनकल्याण के मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाकर समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस हमेशा 36 बिरादरी को साथ लेकर विकास और भाईचारे की राजनीति करती आई है, जबकि भाजपा की राजनीति का आधार बंटवारा और नफरत है। उन्होंने हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा के बाद कथित रूप से मंच का शुद्धिकरण किए जाने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं संविधान और सामाजिक समानता की भावना के खिलाफ है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोग देश में भेदभाव की मानसिकता को बढ़ावा दे रहे हैं। कांग्रेस ऐसी सोच के विरुद्ध मजबूती से संघर्ष करती रहेगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि आज राहुल गांधी संविधान, लोकतंत्र और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए देशव्यापी लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनकी ताकत बनकर इस संघर्ष को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना होगा।

संगठन की असली शक्ति बूथ और गांव स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि जुमलों की राजनीति बहुत हो चुकी है। भाजपा सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाने के बजाय रोजगार व्यवस्था को कमजोर किया है। प्रधानमंत्री 80 करोड़ लोगों को पांच किलो राशन देने की बात करते हैं, लेकिन गरीबों को केवल राशन नहीं, सम्मानजनक रोजगार और आत्मनिर्भर बनने का अवसर चाहिए। राशन में मिलने वाला तेल बंद कर दिया गया और आयुष्मान भारत योजना को भी कमजोर कर दिया गया। हालात ये हैं कि जरूरतमंदों को न समुचित इलाज मिल रहा है और न युवाओं को रोजगार।



भाजपा सरकार ने मनरेगा को किया कमजोर

कुमारी सैलजा ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया और मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से गांवों में रोजगार उपलब्ध कराया गया। मौजूदा सरकार ने मनरेगा को भी कमजोर कर दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अब इस जुमलेबाज सरकार को बदलने और कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को मजबूत करने का समय आ गया है। अधिवेशन में इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री अरविंद शर्मा जी, ब्लॉक नागपुर कांग्रेस प्रधान गुरजिंदर सिंह जोहल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयपाल सिंह लाली, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरभान मेहता, सुधीर गोदारा, ब्लॉक रतिया कांग्रेस प्रधान गुरसेवक सिंह, लाल बहादुर खोवाल, मंगत राम लालवास, सुरेंद्र वर्तिया, जिला सचिव देवराज हाड़ोली, जिला सचिव गुरदीप सिंह चहल, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बलजिंदर सिंह ठरवी, परमजीत कौर, कल्याण सिंह भादू, ब्रह्मानंद सोनी, सूरज भान, हरमिंदर सिंह, अंग्रेज सिंह, मोहन लाल, मोहन लाल ग्रोवर, सतबीर सिंह, अमरिंदर पाल सिंह, भोला सिंह एवं अमरदीप सिंह बराड़ सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एकलव्य तीरंदाजी अकादमी ने खिलाड़ियों ने तीरंदाजी के जिला स्तरीय ट्रायल में जीते मेडल



डेली आवाज भारती

फतेहाबाद जिला तीरंदाजी संघ फतेहाबाद द्वारा जिला स्तरीय तीरंदाजी ट्रायल का आयोजन गांव दीवाना में किया गया। इसमें अंडर 10 वर्ग से लेकर 15 वर्ग तक के ट्रायल के साथ साथ जुनियर और सीनियर के ट्रायल भी करवाए गए।

इस ट्रायल में एकलव्य तीरंदाजी अकादमी सनियाना से अंडर 15 में वर्ग विशाल ने ब्रॉन्ज मेडल, जुनियर वर्ग में रिम्पी ने ब्रॉन्ज मेडल और सीनियर वर्ग में विनती ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। कोच अमित लाम्बा ने सभी खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत और प्रयास को दिया।

विनोद कुमार कैरों ने सभी खिलाड़ियों और अभिभावकों को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि यह गांव सनियाना और एकलव्य तीरंदाजी अकादमी के लिए गौरव का पल है। खिलाड़ियों के अभिभावक दिलबाग सिंह, नरेश कुमार कैरों और मंगल सिंह ने कोच अमित लाम्बा और बच्चों की हौंसला अफजाई की।

विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने नेल्सन मंडेला से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहर का किया भ्रमण

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक और राष्ट्रीय धरोहर ड्रेकेनस्टीन करेक्शनल सेंटर का भ्रमण किया। यह वही ऐतिहासिक स्थान है, जहां दक्षिण अफ्रीका के महान नेता और प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला को उनकी लंबी सजा के अंतिम दिनों में रखा गया था। इस अवसर पर विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा और विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी उनके साथ रहे। नेल्सन मंडेला से जुड़ी इस ऐतिहासिक धरोहर के अवलोकन के दौरान विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि नेल्सन मंडेला अन्याय, भेदभाव और रंगभेद के विरुद्ध संघर्ष करने वाले ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को समानता, स्वतंत्रता और मानव गरिमा का संदेश दिया। उनका जीवन संघर्ष, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे



स्थानों पर पहुंचकर इतिहास को केवल पढ़ने का नहीं, बल्कि उसे महसूस करने का अवसर मिलता है। नेल्सन मंडेला के संघर्ष और उनके विचारों से जुड़ी इस धरोहर के दर्शन कर उन्हें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने तथा संघर्ष और कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की नई प्रेरणा मिली है। इसके उपरांत विधान सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने अफ्रीकी जनजातीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने के लिए जनजातीय गांव मासाई का भ्रमण किया। शिष्टमंडल ने मासाई जनजाति की जीवनशैली, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक विरासत को करीब से जाना। मासाई जनजाति अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक जीवनशैली और सदियों पुरानी परंपराओं के लिए जानी जाती है। शिष्टमंडल के सदस्यों ने जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को समझने में रुचि दिखाई और अफ्रीका की विविध सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का अनुभव किया। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विभिन्न देशों की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक परंपराओं का अध्ययन आपसी समझ, सम्मान और वैश्विक भाईचारे को मजबूत करता है। ऐसे भ्रमण से इतिहास, संस्कृति और मानव सभ्यता के विविध आयामों को जानने का अवसर मिलता है।

खड़गे से मिले राव नरेंद्र सिंह, हरियाणा कांग्रेस के आगामी रोडमैप पर हुई चर्चा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच हरियाणा के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, प्रदेश कांग्रेस के संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। मुलाकात के संबंध में जानकारी देते हुए राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ उनकी मुलाकात अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक रही। उन्होंने पिछले दो महीनों के दौरान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित विभिन्न संगठनात्मक एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रमों तथा केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पार्टी द्वारा आयोजित किए गए धरना-प्रदर्शनों एवं आंदोलनों की विस्तृत जानकारी कांग्रेस अध्यक्ष को दी। राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान आगामी तीन महीनों के लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा तैयार किए गए रोडमैप पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय एवं संगठित करने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदेशभर में निरंतर कार्यक्रम एवं जनआंदोलन चलाने की आगामी कार्ययोजना से भी खड़गे को अवगत कराया।

गुरुग्राम वैश्विक निवेश और उच्च कौशल वाले कार्यों का प्रमुख केंद्र बन रहा : राव नरबीर सिंह

डेली आवाज भारती



अंबाला। हरियाणा में नवाचार, प्रौद्योगिकी और वैश्विक स्तर की कारोबारी गतिविधियों को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। प्रदेश की अनुकूल औद्योगिक नीतियों, कुशल मानव संसाधन और मजबूत कारोबारी वातावरण के चलते दुनिया की प्रतिष्ठित कंपनियां हरियाणा को निवेश और अपने वैश्विक कार्यों के विस्तार के लिए प्राथमिकता दे रही हैं। इसी कड़ी में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने हरियाणा की ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति के तहत सोमवार को गुरुग्राम के साइबर सिटी में प्रूडेंशियल फाइनेंशियल इंक (पीएफआई) के पहले इनोवेशन सेंटर इंडिया का उद्घाटन किया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि करीब 150 वर्ष पुरानी प्रूडेंशियल फाइनेंशियल (पीएफआई), जोकि फॉर्च्यून-200 कंपनी है, के द्वारा भारत में अपना पहला इनोवेशन सेंटर स्थापित किया है और भारत में भी, गुरुग्राम में इस सेंटर का खुलना प्रदेश की बढ़ती वैश्विक पहचान और निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम आज दुनिया के प्रमुख ग्लोबल बिजनेस हब के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। वित्तीय सेवाओं, सूचना प्रौद्योगिकी, परामर्श और आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में यहां विकसित मजबूत कारोबारी एवं नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र ने गुरुग्राम को दुनिया की अग्रणी कंपनियों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाया है। पीएफआई जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक संस्थान द्वारा यहां इनोवेशन सेंटर की स्थापना इस पहचान को और मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति के तहत पीएफआई के इनोवेशन सेंटर इंडिया की शुरुआत प्रदेश में वैश्विक कंपनियों के बढ़ते विश्वास को रेखांकित करती है। उन्होंने पीएफआई की टीम को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए बधाई दी। राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा में उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभा और कुशल कार्यबल की मजबूत उपलब्धता है, जो वैश्विक कंपनियों के लिए प्रदेश को एक आकर्षक गंतव्य बनाती है। उन्होंने कहा कि उनको मिले फीडबैक के तहत हरियाणा की जीसीसी नीति देश के विभिन्न राज्यों की अग्रणी नीतियों में शामिल है। यहां मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अन्य स्थानों की तुलना में अधिक है और इसके लाभ भी तेज गति से तथा बिना अनावश्यक अड़चनों के उपलब्ध कराए जाते हैं।

पंजाबी कलाकारों की रिहर्सल में पहुंचीं नीना गुप्ता, जसबीर जस्सी ने जताया आभार

डेली आवाज भारती

मुंबई। पंजाबी सिंगर जसबीर जस्सी ने बॉलीवुड एक्ट्रेस नीना गुप्ता का आभार जताया है। नीना गुप्ता उनकी रिहर्सल में पहुंचीं और वहां मौजूद कलाकारों का हौसला बढ़ाया। जसबीर ने इस मुलाकात की तस्वीर और वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में जसबीर जस्सी नीना गुप्ता को पंजाब के कलाकारों से मिलवाते नजर आ रहे हैं। दोनों के बीच काफी गर्मजोशी से बातचीत हुई। जसबीर ने बताया कि नीना जी के आने से रिहर्सल कर रहे सभी कलाकारों का मनोबल बढ़ा है, जो अपने परफॉर्मेंस की तैयारी में लगे थे। जसबीर जस्सी ने पंजाबी में लिखते हुए कहा, ÷रिहर्सल ते साडे पंजाब दे आर्टिस्ट दा हौंसला वधाउन वास्ते बहुत-बहुत धन्यवाद नीना जी। जिसका मतलब है, हमारी रिहर्सल पर आकर हमारे पंजाब के कलाकारों का हौसला बढ़ाने के लिए नीना जी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने वीडियो में अपना मशहूर गाना 'लौंग दा लश्कारा' भी लगाया। यह मुलाकात जयपुर में होने वाले इंटरनेशनल म्यूजिक फेस्टिवल 'इंडिया म्यूजिक रिट्रीट' में परफॉर्मेंस से पहले हुई है। जसबीर जस्सी पंजाबी म्यूजिक में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं। वह अपने काम के जरिए पंजाब की समृद्ध संगीत और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते रहते हैं। वह 'दिल ले गई', 'कुड़ी कुड़ी' और 'लौंग दा लश्कारा' जैसे हिट पंजाबी गानों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने बॉलीवुड में भी काम किया है, जिसमें फिल्म पटियाला हाउस का गाना कोका शामिल है।



वहीं, नीना गुप्ता ने हिंदी सिनेमा और टेलीविजन में लंबा और शानदार करियर बिताया है। वह समानांतर और मुख्यधारा दोनों तरह की फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। उनकी कुछ चर्चित फिल्मों में जाने भी दो यारो, ऊंचाई और बधाई हो शामिल हैं। 67 साल की एक्ट्रेस हाल ही में वेब सीरीज चुंबक में नजर आई थीं। इस शो में देवेन भोजानी, अर्जुन बिजलानी, हेली शाह, मानसी पारेख, संदीपा धर, सुमीत राघवन, अनंत वी. जोशी, अमायरा दस्तूर, डेलनाज ईरानी और अतुल कुमार जैसे कई कलाकार थे। यह शो 10 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था।

आपका शानदार प्रदर्शन प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत, एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने पर राष्ट्रपति मुर्मु ने महिला क्रिकेट टीम को सराहा

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एशियन गेम्स 2026 में गोल्ड मेडल जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने मंगलवार को फाइनल मैच में श्रीलंका के खिलाफ 147 रन से जीत हासिल करते हुए एशियन गेम्स 2026 में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने टीम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए युवा पीढ़ी, खासकर लड़कियों को प्रेरित करने की उनकी क्षमता की सराहना की। राष्ट्रपति मुर्मू के आधिकारिक %एक्स% हैंडल पर पोस्ट किया गया, ÷एशियन गेम्स 2026 में महिला टी20 क्रिकेट में गोल्ड मेडल जीतने पर टीम इंडिया के सभी सदस्यों को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई। आपकी ऐतिहासिक जीत ने इन खेलों में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल सुनिश्चित किया और देश का मान बढ़ाया है। आपका शानदार प्रदर्शन, टीम भावना और दृढ़ संकल्प हमारे युवाओं, खासकर हमारी बेटियों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत हैं।÷

भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने %एक्स% पर लिखा, ÷एशियन गेम्स 2026 में महिला टी20 क्रिकेट में गोल्ड मेडल जीतने पर टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई। 2026 एशियन गेम्स में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीतकर, टीम ने अद्भुत संयम, बेहतरीन कौशल और शानदार टीम वर्क का प्रदर्शन किया। इस यादगार जीत ने देश को गर्व महसूस कराया है और यह अनगिनत युवा लड़कियों और क्रिकेटर बनने की चाह रखने वालों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी। पूरी टीम को आगे भी ऐसी ही सफलता मिलती रहे, इसके लिए मेरी शुभकामनाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, ÷भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता। एशियन गेम्स 2026 में मैदान पर अपने शानदार खेल और जबरदस्त दबदबे के साथ पहला गोल्ड मेडल जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई। आप हमेशा जीत हासिल करती रहें।÷

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा, ÷एशियन गेम्स 2026 में %विमन इन ब्लू% ने गोल्ड जीता। महिला टी20 क्रिकेट फाइनल में गोल्ड मेडल जीतने पर हमारी चैंपियंस को बहुत-बहुत बधाई। यह पूरे देश के लिए गर्व का पल है। यह जीत भारत के सफल एशिया कप अभियान के ठीक बाद मिली है, जिसमें टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 72 रनों से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार खिताब जीता था। मंगलवार को निशिन स्थित कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में भारतीय टीम ने शेफाली वर्मा (48), स्मृति मंधाना (79) और ऋचा घोष (नाबाद 49) की दमदार पारियों के साथ 216/3 का स्कोर खड़ा किया। यह महिला एशियाई खेलों के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर और महिला टी20 फाइनल का भी सबसे बड़ा स्कोर रहा। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 15.4 ओवरों में सिर्फ 69 रन पर सिमट गई। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए।

दिल्ली दुष्कर्म मामले का आरोपी आसिफ पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो आरोपियों से पूछताछ जारी

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास नाबालिग से दुष्कर्म मामले में मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ के बाद एक आरोपी आसिफ को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्तरी दिल्ली के जॉइंट पुलिस कमिश्नर विजय कुमार ने यह जानकारी दी। जॉइंट पुलिस कमिश्नर विजय कुमार ने पत्रकारों को बताया, कल शाम हमें एक पीसीआर कॉल मिली कि फरीदाबाद की एक 17 साल की लड़की दोस्त के साथ यहां आई थी। वे पहले एक मंदिर गए और फिर आस्था कुंज पार्क पहुंचे, जहां उन्हें तीन लोग मिले। इन लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और पुलिस अफसरों व वकीलों जैसी भाषा में बात की। उन्होंने लड़के को पकड़ लिया और आरोप है कि लड़की के साथ एक-एक कर दुष्कर्म किया। जॉइंट पुलिस कमिश्नर ने आगे बताया, हमें लड़की से यह शिकायत मिली है। उसका मेडिकल टेस्ट कराया गया है। आज सुबह पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी, आसिफ को पकड़ा गया। दो और लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनका नाम हेमंत है। हेमंत और उसके भाई से पूछताछ जारी है। हमारी ओर से पारदर्शी तरीके से जांच की जा रही है। तीनों एक दूसरे को जानते हैं। ये लोग एक दूसरे को कैसे जानते हैं यह जांच का विषय है। एडवोकेट जे.आर. धनखड़ नाम के एक शख्स ने आईएएनएस से बातचीत में दावा किया, श्रीनिवासपुरी में मेरे दो बेटे रहते हैं। आज सुबह 7-8 बजे के बीच पुलिस उनके पास पहुंची और बोली कि हमारे साथ चलो। एक बच्चे ने मेरे को फोन किया कि पुलिस मुझे ले जा रही है। पुलिस की ओर से उनके साथ मारपीट की गई है। उनसे जबरदस्ती बयान लिए जा रहे हैं, यह किसी की कोई बड़ी साजिश है। इन लोगों ने दुष्कर्म किया है। मेरे बड़े बेटे का नाम एडवोकेट हेमंत सिंह है और छोटे का नाम मुकेश सिंह है।

एडवोकेट जे.आर. धनखड़ ने कहा, ÷हमारे बच्चों का करियर खराब करने के लिए किसी ने साजिश रची है। मुझे उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है, बतौर वकील तो मिल सकता हूं। हमारा आरोपी आसिफ से कोई ताल्लुक नहीं है।

CMYK

page 3_Layout 1 22-09-2026 20:37 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ बुधवार, 23 सितंबर 2026

अमृतसर पुलिस का सख्त फैसलाः

बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाली गाड़ियों को पेट्रोल पंप पर नहीं मिलेगा फ्यूल

सेक्शन 163 बीएनएसएस के तहत ऑर्डर जारी; खुले में बोतल या कैन में पेट्रोल बेचने पर पूरी तरह बैन

डेली आवाज भारती

अमृतसरः (सलोनी नेहा गिल) : शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के मकसद से कमिश्नरेट अमृतसर पुलिस की तरफ से एक अहम और सख्त ऑर्डर जारी किया गया है। जानकारी देते हुए, श्रीमती आकृति जैन (IPS), DCP लोकल, अमृतसर ने बताया कि शहर की सीमा के अंदर, यह देखा गया कि कई गाड़ियां बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (HSRP) के या टूटी-फूटी और बदली हुई नंबर प्लेट के साथ सड़कों पर चल रही थीं। ऐसी गाड़ियां मोटर व्हीकल एक्ट का खुला उल्लंघन करने के साथ-साथ कई बार स्नैचिंग, एक्सीडेंट और दूसरे गंभीर अपराधों में भी इस्तेमाल होती हैं, जिससे आरोपियों की पहचान करना मुश्किल होता है। DCP आकृति जैन ने बताया कि इन



गंभीर पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अमृतसर के पुलिस कमिश्नर ने मजिस्ट्रेट पावर का इस्तेमाल करते हुए सेक्शन 163 BNSS के तहत नए ऑर्डर लागू किए हैं। इस ऑर्डर के मुताबिक, शहर के सभी पेट्रोल पंपों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, खराब या तोड़ी गई नंबर प्लेट वाली किसी भी गाड़ी को पेट्रोल, डीजल या ईंधन सप्लाई न की जाए। यह ऑर्डर टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, फोर-व्हीलर और कमर्शियल गाड़ियों पर एक जैसा लागू होगा। हालांकि, इमरजेंसी गाड़ियां जैसे एंबुलेंस और टेम्परारी रजिस्ट्रेशन नंबर वाली गाड़ियों को इस नियम से छूट दी गई है। इसके अलावा, प्लास्टिक या कांच की बोतलों और कंटेनरों में पेट्रोल सप्लाई करने पर भी पूरी तरह से रोक है। इन ऑर्डर का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन के इस कदम पर पेट्रोल पंप मैनेजरों ने पूरा सपोर्ट जताया है। पेट्रोल पंप मैनेजर रूप सिंह ने बताया कि उन्हें पुलिस कमिश्नर के आदेशों की जानकारी मिल गई है और उन्होंने अपने सभी कर्मचारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि बिना नंबर और बिना हाई सिक्योरिटी प्लेट वाली गाड़ियों में फ्यूल न डाला जाए। उन्होंने बताया कि जागरूकता के लिए पंपों पर बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और सरकारी नियमों के अनुसार अपनी गाड़ियों पर नंबर प्लेट लगवाएं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर कोई किसी को खुले कंटेनर में तेल लेने या बिना नंबर प्लेट के तेल भरवाने के लिए मजबूर करता है, तो तुरंत पुलिस को बताकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ, आम नागरिकों और ग्राहकों ने भी शहर की सुरक्षा के लिए इस फैसले को सराहनीय बताया है। पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्राहक मनप्रीत सिंह ने कहा कि पुलिस का यह कदम बहुत अच्छा है। शहर में अक्सर पुरानी या बिना रजिस्ट्रेशन वाली मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल करके लूट और गोलीबारी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा उठाए जा रहे ऐसे कदमों में हर नागरिक को अपने डॉक्यूमेंट्स पूरे रखकर और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाकर प्रशासन का साथ देना चाहिए।

अमृतसर पुलिस ने 6 गैर-कानूनी हथियार सप्लाई नेटवर्क को किया खत्म

8 आरोपियों को गिरफ्तार 13 गैर-कानूनी पिस्तौल और 23 जिंदा कारतूस बरामद



डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल)एक बड़ी कामयाबी में, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने 6 गैर-कानूनी हथियार सप्लाई नेटवर्क को खत्म किया, 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 13 गैर-कानूनी पिस्तौल और 23 जिंदा कारतूस बरामद किए। शुरुआती जांच से पउता चला है कि आरोपी कथित तौर पर विदेश के तस्करों से जुड़े थे और आगे बांटने और आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल के लिए गैर-कानूनी हथियार खरीद रहे थे। पुलिस ने आरोपियों और गैर-कानूनी हथियार सप्लाई नेटवर्क में शामिल दूसरे साथियों के बीच भी संबंध पाए हैं। अमृतसर के PS छेहरटा, PS गेट हकीमा, PS सुल्तानविंड और PS D-डिवीजन में अलग-अलग FIR दर्ज की गई हैं। आगे की जांच चल रही है ताकि आगे और पीछे के सभी लिंक का पता लगाया जा सके, इसमें शामिल दूसरे लोगों की पहचान की जा सके और बड़े गैर-कानूनी हथियार तस्करी नेटवर्क को खत्म किया जा सके। @PunjabPoliceInd गैर-कानूनी हथियारों की तस्करी और संगठित आपराधिक नेटवर्क पर कड़ी निगरानी रखने और हथियारों की गैर-कानूनी सप्लाई और सर्कुलेशन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दर्दनाक हादसाः 12 साल के लड़के का शव कील से लटका मिला, परिवार में मातम

डेली आवाज भारती

अमृतसरः (सलोनी नेहा गिल) घर पर अकेले रह रहे 12 साल के लड़के का शव संदिग्ध हालात में कील से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक बच्चे की पहचान 12 साल के किशन के तौर पर हुई है, जो स्कूल में पढ़ता था। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और इलाके में मातम का माहौल है। शिव नगर इलाके के रहने वाले मृतक के पिता अशोक पाल ने नम आंखों और भरे गले से घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह एक मीट की दुकान पर काम करते हैं और अक्सर दोपहर 12 बजे के आसपास काम पर जाते हैं और देर रात लौटते हैं। घटना वाले दिन घर पर कुछ सैनिटरी का काम होना था, जिसके चलते वह सैनिटरी इंजीनियर के साथ घर पहुंचे थे। जब वह ऊपर गए तो उन्हें होश नहीं रहा। उनका इकलौता 12 साल का बेटा किशन लोहे की छड़ के सहारे फंदे से लटका हुआ था। पिता के मुताबिक, बच्चे की जीभ भी बाहर निकली हुई थी। ÷बेटे ने



जाते समय मुझे प्यार से खाना खिलाया था÷ पिता अशोक पाल ने इमोशनल होते हुए कहा कि काम पर जाने से पहले उनके बेटे ने मुझे प्यार से खाना बनाया और कहा, ÷पापा, खाना खाकर जाना।÷ पिता के मुताबिक, जब उन्होंने काम पर जाने की जल्दी के कारण खाना खाने से मना कर दिया, तो बच्चे ने उसे खिलाने की ज़िद की। इसके बाद बच्चे ने अपने पिता को ऑनलाइन ऑर्डर किया हुआ नया रिमोट भी दिखाया और कोल्ड ड्रिंक पीने की इच्छा जताई। पिता ने उसके लिए कोल्ड ड्रिंक ऑर्डर की और फिर काम पर चले गए। पिता का कहना है कि बच्चे के लिए बनाई गई चाय भी घर में वैसी ही रह गई थी और किसी ने सोचा भी नहीं था कि कुछ ही घंटों में यह दर्दनाक घटना हो जाएगी। अशोक पाल ने कहा कि उनका बेटा अभी बहुत छोटा था और खेलने-कूदने की उम्र में वह खुद ऐसा कदम नहीं उठा सकता था। उनके मुताबिक, बच्चे पर पढ़ाई का कोई प्रेशर नहीं था और न ही वह किसी तरह के स्ट्रेस में था। वह अपनी मर्ज़ी से स्कूल और ट्यूशन जाता था। पिता ने यह भी कहा कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी या दुश्मनी नहीं है। इसके बावजूद, उन्हें इस घटना के पीछे किसी तरह के हादसे या साज़िश का शक है और वे पूरे मामले की पूरी जांच की मांग कर रहे हैं।

पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है

मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी श्रीमती वनीला ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। डॉक्टरों की जांच और शुरुआती जांच में बच्चे के गले पर फांसी के निशान मिले हैं। हालांकि, पुलिस हर मुमकिन एंगल से मामले की पूरी जांच कर रही है। कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

श्री हरगोबिंदपुर साहिब में अकाली दल वारिस पंजाब की राजनीतिक गतिविधियां तेज

गांव कीड़ी में सुरविंदर सिंह डडियाला के नेतृत्व में भव्य बैठक, 2027 के चुनावों को लेकर बनाई रणनीति

डेली आवाज भारती

श्री हरगोबिंदपुर साहिब, (अमनदीप संधू): विधानसभा हलका श्री हरगोबिंदपुर साहिब में अकाली दल वारिस पंजाब द्वारा अपनी राजनीतिक गतिविधियों को तेज करते हुए गांव कीड़ी में सुरविंदर सिंह डडियाला के नेतृत्व में एक भव्य बैठक आयोजित की गई। बैठक में जत्थेदार जगदेव सिंह, जत्थेदार दलविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों और पार्टी समर्थकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान हलके के राजनीतिक एवं सामाजिक हालात के अलावा आगामी 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। नेताओं द्वारा गांव स्तर पर संगठन को



मजबूत करने तथा लोगों के साथ अधिक से अधिक संपर्क स्थापित करने संबंधी भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सुरविंदर सिंह डडियाला ने कहा कि अकाली दल वारिस पंजाब द्वारा विधानसभा हलका श्री हरगोबिंदपुर साहिब में लोगों के साथ लगातार संपर्क कायम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूत किया जाएगा। सुरविंदर सिंह डडियाला ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में श्री हरगोबिंदपुर साहिब की सीट जीतकर भाई अमृतपाल सिंह के नेतृत्व वाली राजनीतिक धारा को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत से काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गांव स्तर पर सक्रिय किया जा रहा है। बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार साझा किए तथा हलके के सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। नेताओं ने आने वाले समय में पार्टी की गतिविधियों को और तेज करने पर जोर दिया।

विकास के क्षेत्र में गांवों की बदली सूरत

विधायक शेरी कलसी ने विभिन्न गांवों में विकास कार्यों को और तेज करने के लिए दिए लाखों रुपये के चेक

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष और बटाला के युवा विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी ने कहा कि विधानसभा हलके के गांवों में करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य करवाए गए हैं और गांवों के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने हलके के विभिन्न गांवों लील खुर्द, शेरपुर, पत्ती रियाड़, वडाला ग्रंथियां, धारीवाल, वजीर चक्क और बहिबल चक्क में विकास कार्यों की रफ्तार तेज करने के लिए लाखों रुपये की ग्रांट के चेक भी वितरित किए। विधायक शेरी कलसी ने कहा कि विधानसभा हलका बटाला का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और



हलके में चल रहे विकास कार्यों में और तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बटाला हलके के लोगों ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे निभाते हुए वह दिन-रात लोगों की सेवा में उपस्थित हैं। लोगों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा किया जा रहा है और लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। विधायक शेरी कलसी ने कहा कि गांवों की चुनी हुई पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं कि वे गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए पारदर्शी तरीके से विकास कार्य करवाएं तथा गांवों में विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए पूरी मेहनत और जिम्मेदारी से काम करें। उन्होंने कहा कि गांवों में खेल मैदान, सड़कें, पार्क, स्ट्रीट लाइटें, गंदे पानी की निकासी सहित विभिन्न विकास कार्य करवाए गए हैं। आने वाले समय में भी गांवों के विकास को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग बरनाला द्वारा 22 से 28 सितंबर तक मनाया जा रहा है 'विश्व रेबीज दिवस' जागरूकता सप्ताह

डेली आवाज भारती

बरनाला/गोपालः स्वास्थ्य विभाग बरनाला द्वारा जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ÷विश्व रेबीज (हलकाव) दिवस÷ को समर्पित 22 सितंबर से 28 सितंबर तक विशेष जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस संबंध में



जानकारी देते हुए इंचार्ज सिविल सर्जन कम डिप्टी मेडिकल कमिश्नर बरनाला डॉ. गुरमिंदर कौर औजला ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान आम लोगों को रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। सिविल अस्पताल बरनाला के डॉ. दीपलेख सिंह बाजवा और डॉ. करनदीप सिंह (एम.डी. मेडिसिन) ने महत्वपूर्ण चिकित्सकीय सलाह देते हुए बताया कि किसी भी जानवर के काटने, चाटने या खरोंच मारने को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में घाव को तुरंत साबुन, पानी या डेटॉल आदि से अच्छी तरह साफ करना चाहिए और बिना देरी किए नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर डॉक्टर की सलाह के अनुसार उपचार और टीकाकरण करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि एंटी-रेबीज टीका जिला अस्पताल बरनाला, सब-डिवीजनल अस्पताल तपा, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर महल कलां और धनौला में बिल्कुल मुफ्त लगाया जाता है। जिला मास मीडिया एवं सूचना अधिकारी कुलदीप सिंह मान और डिप्टी मास मीडिया एवं सूचना अधिकारी बलराज सिंह कालेके ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुत्तों और काटने वाले जानवरों को गलियों या सार्वजनिक स्थानों पर खुला नहीं छोड़ना चाहिए तथा इन जानवरों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

3.74 करोड़ रुपये की लागत से होगा नगर कौंसिल धनौला के अधीन सड़कों का नवीनीकरणः मीत हेयर

- लोकसभा सदस्य ने गुरुद्वारा बाबा बन्ना साहिब वाली सड़क के निर्माण कार्य की करवाई औपचारिक शुरुआत

डेली आवाज भारती

बरनाला/धनौला,नवीन कालीः लोकसभा सदस्य गुरमीत सिंह मीत हेयर ने नगर कौंसिल धनौला के अधीन 3 करोड़ 74 लाख 90 हजार रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों के नवीनीकरण प्रोजेक्ट की औपचारिक शुरुआत की। इस मौके पर मीत हेयर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत नगर कौंसिल धनौला के अधीन आने वाली करीब 10 सड़कों का नवीनीकरण किया जाना है, जिनमें से



दो सड़कों का काम शुरू करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि करीब 14 लाख रुपये की लागत से गुरुद्वारा बाबा बन्ना साहिब-धनौला रोड तथा करीब 80 लाख रुपये की लागत से फतेहगढ़ छन्ना रोड का काम शुरू करवाया गया है। इसके अलावा आने वाले दिनों में बाकी सड़कों का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए फंडों की कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 3 करोड़ 74 लाख रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत सभी सड़कों का काम अक्टूबर के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। मीत हेयर ने कहा कि इसके अलावा माना पिंडी में पानी की निकासी की समस्या का भी जल्द समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर नगर कौंसिल धनौला के अध्यक्ष धर्मिंदर सिंह, कार्यकारी अधिकारी हरप्रीत सिंह तथा अन्य नेता मौजूद रहे।

5.50 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित दो गिरफ्तार

- गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5.50 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एस.आई बलदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर सुरजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह वासी गट्टी मतड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जेसे तलाशी के दौरान 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामले संबंधी थाना लक्खोके बहराम की इंस्पैक्टर परमजीत कौर ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सतपाल सिंह पुत्र बलकार सिंह वासी गांव जंग को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.50 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पन्नी, लाईटर व 20 रुपए का नोट बरामद किया है। मामलों की जांच कर रहे बलदीप सिंह व परमजीत कौर ने बताया कि पुलिस ने दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गाली-गलौच के विवाद को लेकर घर में दाखिल हो महिला को मारपीट कर जख्मी किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर की पुलिस ने बीते दिन गांव बंडाला पुराणा में एक घर में दाखिल होकर रंजिशन महिला को मारपीट करके जख्मी करने वाले तीन व्यक्तियों सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई बलराज सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता मलकप्रीत कौर पत्नी जतिन्द्र सिंह वासी गांव बंडाला पुराणा ने बताया कि उसका कुछ लोगों के साथ पहले गाली-गलौच के चलते विवाद हुआ था और उक्त रंजिश को लेकर बीते दिन दोषी गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरचरन सिंह, सुखजिन्द्र सिंह पुत्र सेवा सिंह, गुरचरन सिंह पुत्र बलकार सिंह वासी गांव बंडाला पुराना ने 1 अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके घर में दाखिल होकर उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे बलराज सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियों के खिलाफ मलकप्रीत कौर के बयान पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

फिरोजपुर मंडल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल की मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में बीते दिन सभाकक्ष, मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में फिरोजपुर मंडल के सभी शाखा अधिकारियों और मुख्य कार्यालय अधीक्षकों ने हिस्सा लिया। बैठक के प्रारंभ में मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल स्तर पर 01 सितंबर से 15 सितंबर 2026 तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा-2026 के सफल आयोजन के लिए राजभाषा विभाग को बधाई दी। उन्होंने पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में मंडल के कर्मचारियों की भारी संख्या में सहभागिता की सराहना की। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागीय निरीक्षण के दौरान राजभाषा की प्रगति का अवलोकन करें और निरीक्षण रिपोर्ट में इसका उल्लेख अवश्य करें। राजभाषा में कार्य करते समय सहज एवं सरल शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए। अपर मंडल रेल प्रबंधक सह अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री नितिन गर्ग ने सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे स्वयं हिंदी में कार्य करें और अपने अधीनस्थों को भी इसके लिए प्रेरित करें। बैठक का संचालन सहायक मंडल सामग्री प्रबंधक सह राजभाषा अधिकारी श्री मस्तराम मीना ने किया। अंत में उनके द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 6 ग्राम हेरोइन के साथ दो को किया गिरफ्तार

- गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत पुलिस ने दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसा नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव कस्सोआना के नजदीक से शक के अधार पर हरप्रीत सिंह पुत्र मनजीत सिंह वासी गांव हरदासा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें संबंधी थाना मक्खू के एएसआई जगदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव कुतबपुरा दाना मडी के नजदीक से दिद्र सिंह पुत्र जगा वासी गांव मधर वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे गगनप्रीत सिंह व जगदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने हरप्रीत व जिंद्र पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

page 4_Layout 1 22-09-2026 20:45 Page 1

आम आदमी सरकार का सनातन को तोहफ़ा

25-26 सितंबर को पीएयू में होगा 'हमारे राम' का मंचन

डेली आवाज भारती

लुधियाना। पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां और कल्चर और टूरिज्म सलाहकार दीपक बाली ने घोषणा की कि 25-26 सितंबर को पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के डॉ. मनमोहन सिंह ऑडिटोरियम में हमारे राम नाटक के चार शो होंगे। मशहूर अदाकार आशुतोष राणा इसमें रावण की भूमिका निभाएंगे। यह शो पूरी तरह से फ्री होगा। कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि 25-26 सितंबर को पीएयू में हमारे राम शो पीएयू के डॉ. मनमोहन सिंह ऑडिटोरियम में दो-दो शो होंगे- एक दोपहर **2:00** बजे और दूसरा शाम **6:00** बजे। मंत्री मुंडियां ने पूरे लुधियाना वासियों से प्रार्थना की कि वे इस शो को ज़रूर देखें क्योंकि इसमें जाने-माने कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मशहूर अदाकार आशुतोष राणा जी श्री राम जी के इतिहास और उनके जीवन पर लाइव शो में मशहूर अदाकार अपनी-अपनी भूमिका निभाएंगे।



कल्चर और टूरिज्म एडवाइजर दीपक बाली ने हमारे राम शो के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब सनातन की जन्मभूमि है और ऋग्वेद, रामायण, उपनिषद, पुराण और महाभारत, पूरी बौद्धिक यात्रा पंजाब की इसी धरती से शुरू हुई है।

बाली ने कहा कि जिस तरह सरकार ने गुरु तेग बहादुर साहिब का 350वां साल मनाया, गुरु रविदास जी का 650वां साल मनाया जा रहा है, और एक शाम भगवान शिव को भी समर्पित की गई, उसी तरह अब हमारे राम का आयोजन किया जा रहा है। एडवाइजर बाली ने कहा कि रामायण हमारे जीवन को देखने का एक बेहतर तरीका है जो हमें अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पहली बार हमारे राम नाटक के ज़रिए पूरी रामायण को इस तरह से पेश किया जा रहा है, जिसमें चारों कांड - अरण्य कांड, लव-कुश कांड, सुंदर कांड और युद्ध कांड दिखाए गए हैं। उन्होंने कहा कि रामायण बताती है कि एक बेटे को अपने पिता की आज्ञा कैसे माननी चाहिए और कैसे भगवान राम ने एक धोबिन की बात मानकर माता सीता को अयोध्या से बाहर भेजा था। यह समाज के जीवन के जीवन जांच का तरीका सिखाती है। दीपक बाली ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की तरफ से पूरे पंजाब में हमारे राम के 41 शो ऑर्गनाइज़ किए गए हैं। पहला शो मोहाली से शुरू हुआ और धीरे-धीरे ये शो पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में हो चुके हैं। एडवाइजर बाली ने कहा कि भारत के मशहूर नाटककार और लेखक, बहुत विद्वान व्यक्ति आशुतोष राणा इसमें रावण का रोल कर रहे हैं और राहुल के. भूचर भगवान राम का रोल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक कमाल का लाइव शो है जो पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि जब भगवान राम लव-कुश से मिलते हैं, जब वे 14 साल के वनवास पर जाते हैं, महाराज दशरथ और भगवान राम के बीच संवाद और जब रावण मरता है, रावण और लक्ष्मण के बीच संवाद - ये सभी बहुत ही भावुक पल हैं जो हमें बताते हैं कि जीवन में क्या चीजें महत्वपूर्ण और जरूरी हैं। एडवाइजर बाली ने कहा कि भारत के किसी भी हिस्से में, इस नाटक का टिकट 10,000 प्रति व्यक्ति है।

पंजाबी सिंगर के घर फायरिंग करने वाले अरेस्ट, पुलिस ने 3 आरोपियों को पकड़ा



डेली आवाज भारती

पंजाबी सिंगर गुलाब सिद्धू पर फायरिंग करने के मामले में पंजाब पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए तीनों आरोपी अलग-अलग इलाकों में रहने वाले हैं। हालांकि अभी तक पुलिस ने आधिकारिक तौर पर इनकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। आपको बता दें कि गुलाब सिद्धू पर इसी साल 10 जनवरी पर हमला करने की कोशिश की गई थी। इस हमले का मास्टर माइंड कोटदूना गांव का सरपंच बलजिंदर सिंह था, जो गुलाब सिद्धू के सरपंचिया गाने से नाराज था। आपको बता दें कि सिंगर गुलाब सिद्धू के फरवाही गांव में पैतृक घर पर 12 सितंबर रात करीब डेढ़ बजे आरोपियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई थी, जिसमें दिख रहा था कि आरोपियों ने घर के बाहर अपनी बाइक रोकी। इस दौरान बाइक पर पीछे बैठे युवक ने एक बाद एक गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

श्री आनंदपुर साहिब मामले की जांच के लिए 4 सदस्यों की कमेटी बनाई गई: एडवोकेट धामी ने कहा–15 दिन में सच सामने आ जाएगा

डेली आवाज भारती

अमृतसरः (सलोनी नेहा गिल) तख्त श्री केसगढ़ साहिब, श्री आनंदपुर साहिब से जुड़े हालिया विवाद और सोशल मीडिया पर उठ रहे अलग-अलग सवालों पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी SGPC के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने साफ कर दिया है कि पूरे मामले में किसी भी लेवल पर कोई नरमी नहीं दिखाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सच सामने लाने के लिए 4 सदस्यों वाली हाई लेवल जांच कमेटी बनाई गई है, जो 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट देगी। SGPC प्रेसिडेंट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि मामला सामने आते ही डिपार्टमेंट की अंदरूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। शुरुआती जांच की जिम्मेदारी SGPC सेक्रेटरी सरदार बलविंदर सिंह काहलवां को सौंपी गई थी। मामले की सेंसिटिविटी और गंभीरता को देखते हुए अब एक इंडिपेंडेंट 4 सदस्यों वाली कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में सरदार बलदेव सिंह कायमपुरी, सरदार गुरमीत सिंह बूह, बीबी गुरिंदर कौर भोलूवाल और सरदार गुरबख्श सिंह खालसा को शामिल किया गया है। सरदार बलविंदर सिंह काहलवां कमेटी के कोऑर्डिनेशन के लिए जिम्मेदार होंगे।



मर्यादा बनाए रखने और निष्पक्ष जांच की अपील

सोशल मीडिया और मीडिया संस्थानों को संबोधित करते हुए SGPC प्रेसिडेंट ने अपील की कि धार्मिक और सेंसिटिव मामलों में मर्यादा का खास ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सिर्फ़ सनसनी फैलाने या चर्चा पैदा करने के लिए बिना तथ्यों के कुछ भी नहीं फैलाना चाहिए। उन्होंने धार्मिक नेताओं और उपदेशकों से भी मर्यादा और सम्मान बनाए रखने की अपील की। आखिर में, धामी ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले की पूरी तरह से निष्पक्ष तरीके से कानूनी जांच की जाए, ताकि सच सामने आए, किसी भी बेगुनाह के साथ अन्याय न हो और मर्यादा तोड़ने वाले दोषी बच न सकें। उन्होंने कहा कि 15 दिन बाद सौंपी जाने वाली जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर पूरी स्थिति सार्वजनिक कर दी जाएगी।

धामी ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से सवाल उठ रहे थे कि SGPC प्रेसिडेंट इस मामले पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने दो मुख्य बातें साफ़ कीं और कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि महिला को वहां कौन लाया, वह कहां से आई और कैसे आई। उन्होंने इन सभी दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने इस आरोप को भी 'सफेद झूठ' बताया कि महिला उनसे मिली थी और किसी घटना या ज़बरदस्ती की शिकायत की थी। धामी ने कहा कि अगर ऐसी कोई बात उनके ध्यान में लाई गई होती, तो वह चुप बैठने वालों में से नहीं होते। उन्होंने कहा कि वह संगत के प्रति जवाबदेह हैं, न कि उन लोगों के प्रति जो बेबुनियाद बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के ज़रिए हर सवाल का डिटेल में जवाब दिया जाएगा। हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा जारी आदेशों के तहत सख्त कदम उठाए गए हैं। श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा पंथ से निकाले जाने के तुरंत बाद ज्ञानी मलकीत सिंह को तुरंत प्रभाव से एडिशनल चीफ ग्रंथी के पद और सेवाओं से मुक्त कर दिया गया है।

बिना मंजूरी के सड़क उखाड़कर पाईपें डालने का मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन बिना मंजूरी लिए सड उखाड र पाईपें डालने वाले तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता कक्कड़ वासी मल्लांवाला ने बताया कि दोषी सुच्चा सिंह पुत्र सुबा सिंह, गुरबीर सिंह पुत्र सुच्चा सिंह व परमजीत सिंह पुत्र हरदियाल सिंह वासी गांव अलीपुर ने संबंधित विभाग से बिना मंजूरी लिए बीते दिन सड को उखाड र पाईपें डाली है। मामले की जांच कर रहे गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जिला स्तर पर पेंशन अदालत 24 सितंबर को जिला प्रशासनिक परिसर गुरदासपुर में लगेगी

- सेवानिवृत्त पेंशनभोगी अपनी शिकायत 23 सितंबर 2026 तक दर्ज करवा सकते है

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू)–पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुसार जिला स्तर पर पेंशन अदालत जिला शिकायत निवारण अधिकारी, गुरदासपुर की निगरानी में 24 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक जिला प्रशासनिक परिसर, ब्लॉक-बी, कमरा नंबर 416, गुरदासपुर में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त (सामान्य) गुरदासपुर कुलदीप चंद ने बताया कि जिला गुरदासपुर के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनभोगियों को सूचित किया जाता है कि वे पेंशन से संबंधित अपनी शिकायत किसी भी कार्यदिवस में जिला प्रशासनिक परिसर, ब्लॉक-बी, कमरा नंबर 202 में 23 सितंबर 2026 तक दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित विभाग के प्रमुख को पेंशन अदालत में बुलाया जाएगा, ताकि पेंशनभोगियों की समस्याओं का उचित समाधान किया जा सके। उन्होंने पात्र पेंशनभोगियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि तक अपनी पेंशन संबंधी शिकायतें दर्ज करवाएं, ताकि उनका समय पर निपटारा किया जा सके।

70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों के तहत क्रिकेट अंडर-19 लड़कियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

विधायक रणबीर सिंह भुल्लर और विधायक फौजा सिंह सरारी ने मुख्यातिथि के रूप में लिया हिस्सा

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): स्कूल शिक्षा विभाग पंजाब द्वारा शिक्षा मंत्री स.हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में विद्यार्थियों को खेलों से जोडने और उनकी खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिला फिरोजपुर में 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल (2026-27) के तहत क्रिकेट अंडर-19 लड़कियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मंगलवार को धूमधाम से शुरू हुई। इन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह में विधायक फिरोजपुर शहरी स.रणबीर सिंह भुल्लर और विधायक गुरुहरसहाय स.फौजा सिंह सरारी ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और मुख्यातिथियों द्वारा झंडा फहराने के बाद खेलों का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी फिरोजपुर श्रीमती मुनीला अरोड़ा ने मुख्यातिथियों, विभिन्न जिलों से आई खिलाडि ों, कोचों, अध्यापकों और सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्कूल खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्म-विश्वास, अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में उच्च स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए मंच प्रदान करते हैं। जबकि उप जिला शिक्षा अधिकारी डा.सतिंदर सिंह नेशनल अवार्डी ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, अध्यापकों, कोचों और खिलाडि ों का धन्यवाद करते हुए बताया कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 22 सितंबर से 25 सितंबर 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में पंजाब के विभिन्न जिलों से अंडर-19 वर्ग की लड़कियों की क्रिकेट टीमें भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि जिला फिरोजपुर द्वारा इन राज्य स्तरीय खेलों के लिए खिलाडि ों और टीमों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ प्रतियोगिताओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इस मौके पर विधायक स.रणबीर सिंह भुल्लर ने खिलाड़ी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की बेटियां खेलों के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं और ये राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करेंगी।



चकरी बाजार में व्यापारियों के दिल की बात सुनने पहुंचे अमनदीप जैतीपुरिया, दुकान-दुकान जाकर पूछा हाल, कहा–हर मुश्किल घड़ी में आपके साथ खड़े हैं

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू)–बटाला के व्यापारिक वर्ग के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट अमनदीप जैतीपुरिया ने शहर के प्रमुख बाजारों का दौरा किया। विशेष रूप से चकरी बाजार में उन्होंने दुकानदारों से एक-एक करके मुलाकात की और न केवल उनका हालचाल जाना, बल्कि व्यापार से जुड़ी समस्याओं, बाजार की जमीनी परेशानियों तथा रोजमर्रा के कारोबार के दौरान आ रही दिक्कतों को लेकर भी विस्तार से बातचीत की।

इस दौरान एडवोकेट अमनदीप जैतीपुरिया ने अपना संपर्क किसी



औपचारिक बैठक तक सीमित नहीं रखा, बल्कि स्वयं दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से रूबरू बातचीत की। व्यापारियों ने भी अपने कारोबार से संबंधित विभिन्न मुद्दे उनके समक्ष रखे। जैतीपुरिया ने व्यापारियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर एडवोकेट अमनदीप जैतीपुरिया ने कहा कि व्यापारी वर्ग बटाला की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और व्यापारियों की खुशहाली के साथ ही शहर की आर्थिक तरक्की जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनना और उनके समाधान के लिए आवाज उठाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ÷मेरे लिए लोगों के साथ संपर्क सिर्फ किसी विशेष अवसर तक सीमित नहीं है। मैं हर समय अपने लोगों के बीच रहकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनने को प्राथमिकता देता हूं। व्यापारी भाइयों ने जो भी समस्याएं मेरे ध्यान में लाई हैं, उन्हें गंभीरता से लिया गया है। जैतीपुरिया ने कहा कि बटाला के बाजारों की रौनक और व्यापारियों की तरक्की शहर की पहचान से जुड़ी हुई है। इसलिए व्यापारियों को पेश आ रही समस्याओं के समाधान के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उ

बीएसएफ ने ड्रोन बरामद करके थाना ममदोट पुलिस को सौंपा

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना ममदोट के अंतर्गत पड़ते गांव राऊके हिठाड़ से बीएसएफ के जवानों ने किसान के खेतों से ड्रोन बरामद किया है और उक्त ड्रोन पुलिस को सौंप दिया है। उक्त मामलें में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ ऐयर क्राफ्ट एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एएसआई सतिन्द्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए पत्र में कंपनी कमांडर एफ-कंपनी 158 बीएसएफ बीओपी जोगिन्द्र सिंह से पीएचजी मनजीत सिंह ने पत्र देते हुए बताया कि बीएसएप ने गांव राऊके हिठाड़ में किसान हरबंस सिंह पुत्र सोता सिंह वासी राऊके हिठाड़ के खेतों से 2 ड्रोन चाईना मेड बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे एएसआई सतिन्द्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त ड्रोन को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

खन्ना में रामगढ़िया वेलफेयर बोर्ड की अहम बैठक

डेली आवाज भारती

खन्ना, (अमनदीप संधू)–रामगढ़िया वेलफेयर बोर्ड, पंजाब सरकार की एक अहम बैठक खन्ना में मंत्री सरदार तरुणप्रीत सिंह सोंध और चेयरमैन सरदार सतपाल सिंह सोखी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में जिला चेयरमैन वेलफेयर बोर्ड पंजाब सरदार रणधीर सिंह राणा तथा पंजाब बोर्ड के सदस्य सरदार सतनाम सिंह मठाडू अपने साथियों सहित शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री सरदार तरुणप्रीत सिंह सोंध द्वारा सभी सदस्यों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उंकार सिंह, भूपिंदर सिंह प्रिंस और गुरदर्शन सिंह भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान रामगढ़िया समुदाय की तरक्की तथा युवा पीढ़ी को भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार



करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। नेताओं ने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने और उन्हें देश तथा समाज की सेवा के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर साझा संदेश दिया गया कि शिक्षा, एकता और युवाओं की नेतृत्व क्षमता ही समुदाय की मजबूत तरक्की की नींव है। वक्ताओं ने कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षा और सही दिशा प्रदान करके समाज एवं देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार किया जाना चाहिए।

51.14 ग्राम हेरोईन और नशा करने वाले सामान सहित पुलिस ने 9 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 51.14 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सिटी फिरोजपुर, थाना सदर फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना ममदोट, थाना कुलगड़ी, थाना घल्लखुर्द एवं थाना मल्लांवाला ने एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई दविन्द्रपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान लखन पुत्र रुप लाल वासी बस्ती आवा गली भंडारीया वाली फिरोजपुर व अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श पुत्र सिकंदर सिंह वासी गांव कोनी को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 8.21 ग्राम हेरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के एस.आई रमंदर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान आरपीएफ ग्राऊंड झाड़ीयों के नजदीक से 3 ग्राम हेरोइन, 1 सिल्वर पन्नी, 1 लाईटर व 10 रुपए का नोट, थाना आरफके के एएसआई जगतार सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव दौलतपुरा के नजदीक से सन्नी पुत्र गोरा वासी नजदीक अग्रवाल फैक्ट्री बलाकी वाला खूह बस्ती निजामदीन को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.58 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एस.आई बरजिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सारज सिंह पुत्र हरचंद सिंह वासी गांव भड़ाना आजाद शाह को नशा करते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 लाईटर, सिल्वर पन्नी हेरोइन, 1 पाईपनुमा कागज, थाना कुलगड़ी के एच.सी लवदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ हेरोइन का नशा करते हुए वंश अटवाल उर्फ वंश पुत्र अशोक कुमार वासी गांव झोक हरिहर व गुरप्रीत सिंह उर्फ पीतू पुत्र मलूक सिंह वासी गांव शेरखां वाला को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर और 10-10 रुपए को नोट, थाना घल्लखुर्द के एएसआई रणजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर पवनजोत सिंह पुत्र जसविन्द्र सिंह वासी गांव खोखर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 29.35 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एस.आई बलविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मंडी के नजदीक से पिपल सिंह उर्फ जानी पुत्र फगन सिंह वासी बस्ती चंदे वाली कामल वाला खुर्द को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 8 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

'खेल वतन पंजाब दियां-2026' के तहत जिला स्तरीय खेलों की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ने की बैठक

30 सितंबर से 03 अक्टूबर तक होंगे जिला स्तरीय खेल

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार के खेल विभाग द्वारा युवाओं और खिलाडि ों को खेलों से जोडने और उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'खेल वतन पंजाब दियां-2026' के तहत ब्लॉक स्तरीय खेल चल रहे हैं और इसके बाद 30 सितंबर से 03 अक्तूबर तक जिले में जिला स्तरीय खेल आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) कृष्णा पाल राजपूत ने जिला स्तरीय खेलों की तैयारियों संबंधी बैठक करने के दौरान दी। अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) कृष्णा पाल राजपूत ने जारी कार्यक्रम के अनुसार बताया कि जिला स्तरीय खेलों में विभिन्न खेलों में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाडि ों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि लडे ों की प्रतियोगिताएं 30 सितंबर से 01 अक्तूबर तक



अंडर 14, 17, 21, 21-30, 31-40, 41-50, 51-60, 61-70 और 70 से ऊपर (लडे /पुरुष) आयु वर्ग के एथलेटिक्स, बैडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं शहीद भगत सिंह स्टेडियम फिरोजपुर शहर में तथा शतरंज, शूटिंग की प्रतियोगिताएं दास एंड ब्राउन स्कूल फिरोजपुर में होंगी और वॉलीबॉल (शूटिंग और स्मैशिंग) की प्रतियोगिताएं शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी में होंगी। इसी प्रकार अंडर-14, 17, 21, 21-30, 31-40 (लडे /पुरुष) आयु वर्ग के बास्केटबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग की प्रतियोगिताएं शहीद भगत सिंह स्टेडियम फिरोजपुर में होंगी। फेंसिंग की प्रतियोगिताएं दास एंड ब्राउन में होंगी। गतका, जूडो, कबड्डी (सर्कल स्टाइल, नेशनल स्टाइल), खो-खो, फुटबॉल, किक बॉक्सिंग, नेटबॉल और कुश्ती की प्रतियोगिताएं शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी फिरोजपुर में होंगी। हैंडबॉल की प्रतियोगिताएं सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लडे फिरोजपुर, सॉफ्टबॉल की प्रतियोगिताएं आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरदासा और तैराकी की प्रतियोगिताएं जिला परिषद स्विमिंग पूल फिरोजपुर में होंगी। अंडर-14, 17, 21, 21-30 (लडे /पुरुष) के रोलर स्केटिंग के दास एंड ब्राउन स्कूल फिरोजपुर में होंगे। 14 वर्ष से ऊपर (लडे) के टेनिस बॉल क्रिकेट डेमोंस्ट्रेशन इवेंट की प्रतियोगिताएं एम.एल.एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल फिरोजपुर में होंगी। इसी प्रकार लड़कियों/महिलाओं की प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 02 से 03 अक्तूबर तक 14, 17, 21, 21-30, 31-40, 41-50, 51-60, 61-70 और 70 से ऊपर (लड़कियां/महिलाएं) आयु वर्ग के एथलेटिक्स, बैडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं शहीद भगत सिंह स्टेडियम तथा शतरंज, शूटिंग की प्रतियोगिताएं दास एंड ब्राउन स्कूल फिरोजपुर में होंगी और वॉलीबॉल (शूटिंग और स्मैशिंग) की प्रतियोगिताएं शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी में होंगी। इसी प्रकार अंडर 14, 17, 21, 21-30, 31-40, 41-50, 51-60, 61-70 और 70 से ऊपर (लड़कियां/महिलाएं) आयु वर्ग के एथलेटिक्स, बैडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं शहीद भगत सिंह स्टेडियम फिरोजपुर में होंगी। फेंसिंग की प्रतियोगिताएं दास एंड ब्राउन में होंगी। गतका, जूडो, कबड्डी (सर्कल स्टाइल, नेशनल स्टाइल), खो-खो, फुटबॉल, किक बॉक्सिंग, नेटबॉल और कुश्ती की प्रतियोगिताएं शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी फिरोजपुर में होंगी। हैंडबॉल की प्रतियोगिताएं सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लडे फिरोजपुर, सॉफ्टबॉल की प्रतियोगिताएं आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरदासा और तैराकी की प्रतियोगिताएं जिला परिषद स्विमिंग पूल फिरोजपुर में होंगी।

CMYK

page 5_Layout 1 22-09-2026 18:18 Page 1

सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

सभी विभाग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और विकास कार्य निर्धारित समय के भीतर पूरा करना सुनिश्चित करें—सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा

डेली आवाज भारती

गुरदासपुर, (अमनदीप संधू)—जिला गुरदासपुर में चल रही केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा के लिए लोकसभा क्षेत्र गुरदासपुर के सांसद सरदार सुखजिंदर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज स्थानीय पंचायत भवन, गुरदासपुर में आयोजित की गई।

दिशा समिति की बैठक में कादियां के विधायक प्रताप सिंह बाजवा, फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक त्रिपत राजिंदर सिंह बाजवा, गुरदासपुर के विधायक बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा, बटाला के विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी, डेरा बाबा नानक के विधायक गुरदीप सिंह रंधावा तथा दिशा समिति के सदस्य अशोक चौधरी, राजेश कवात्रा, हरविंदर सिंह और श्रीमती अनीता कुमारी विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर आदित्य उप्पल, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (सामान्य) गुरसिमरन सिंह ढिल्लों, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल, सहायक कमिश्नर (सामान्य) कुलदीप चंद, एस.पी. (डी) गुरदासपुर मनोज कुमार ठाकुर, डी.एस.पी. समीर सिंह के अलावा सभी एस.डी.एम. तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) सहित भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही केंद्रीय



प्रायोजित योजनाओं की प्रगति और कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों की जमीनी स्थिति, लंबित मामलों तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक समय पर पहुंचाने के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने एमपीएलएडीएस, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मिशन अमृत सरोवर, मनरेगा, सांसद आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एकीकृत बाल विकास योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, समग्र शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी शहरी मिशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, पंजाब कौशल विकास मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता योजनाओं तथा जिले में चल रही अन्य विकास योजनाओं की प्रगति का विस्तार से जायजा लिया। लोकसभा सदस्य सरदार सुखजिंदर सिंह रंधावा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे चल रहे विकास कार्यों का स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें, कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा विकास कार्य निर्धारित समय के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी कल्याणकारी योजना को लागू करने या किसी विकास कार्य को पूरा करने में लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न कार्यों तथा बटाला-कादियां रेलवे लाइन के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर आदित्य उप्पल ने लोकसभा सदस्य गुरदासपुर को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए पूरी गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे और विकास कार्यों को निर्धारित समय के भीतर पूरा करना सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक प्रताप सिंह बाजवा, विधायक त्रिपत राजिंदर सिंह बाजवा, विधायक बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा, विधायक शेरी कलसी, विधायक गुरदीप सिंह रंधावा तथा दिशा समिति के सदस्यों ने अपने विचार रखे। बैठक में मनदीप सिंह गिल, उपाध्यक्ष जिला परिषद गुरदासपुर, नगर परिषद गुरदासपुर के अध्यक्ष बलजीत सिंह पाहड़ा, चरणजीत सिंह, नगर परिषद धारीवाल के अध्यक्ष अश्वनी दुग्गल सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अमृतसर श्रीमती जतिंदर कौर की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए गांव गागरभाणा निवासी आरोपी गुरपिंदर सिंह उर्फ गोपी को अपने चाचा नरेंद्र सिंह की हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। अदालत ने उसे भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला एफ.आई.आर. नंबर 233, दिनांक 4 दिसंबर 2022, थाना ब्यास, अमृतसर में दर्ज किया गया था। प्रॉसीक्यूशन रिकॉर्ड के अनुसार, यह घटना 4 दिसंबर 2022 की सुबह करीब 7-30 बजे हुई। आरोपी क्लेर अस्पताल, रईया के निकट स्थित पीड़ित के घर के दरवाजे पर आया। जैसे ही नरेंद्र सिंह ने दरवाजा खोला, आरोपी ने अचानक उस पर हमला कर दिया। आरोपी ने कथित तौर पर नरेंद्र सिंह के पेट पर दातर/चाकू से तीन-चार वार किए तथा सिर पर भी गंभीर चोट पहुंचाई। उसकी चीखें



सुनकर मृतक की पत्नी एवं शिकायतकर्ता जसवीर कौर अपने पड़ोसी गुरमेज सिंह चीमा के साथ मौके पर पहुंचीं और नरेंद्र सिंह को आगे के हमले से बचाया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

घायल नरेंद्र सिंह को तत्काल क्लेर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जांच के दौरान प्रॉसीक्यूशन की ओर से हत्या का कारण आरोपी द्वारा पीड़ित के परिवार के प्रति कथित रंजिश बताया गया। विशेष रूप से, शिकायतकर्ता जसवीर कौर द्वारा आरोपी के माता-पिता की की जा रही मदद को लेकर आरोपी द्वारा नाराजगी रखने का आरोप लगाया गया। प्रॉसीक्यूशन की ओर से यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी नशे का आदी था और उसने अपना घर भी बेच दिया था अथवा गंवा दिया था। एस.आई. रघबीर सिंह के नेतृत्व में की गई प्रारंभिक पुलिस कार्रवाई के दौरान एफ.आई.आर. दर्ज करने, फॉर्म 25/35 के तहत इंक्वायरी/मृत्यु संबंधी कार्रवाई पूरी करने, सिविल अस्पताल, बाबा बकाला साहिब में पोस्टमार्टम करवाने तथा शिकायतकर्ता द्वारा पेन ड्राइव में उपलब्ध करवाई गई संबंधित सी.सी.टी.वी. फुटेज को कब्जे में लेने सहित आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके बाद एस.आई. धनविंदर सिंह के नेतृत्व में जांच टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 16 जून 2023 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी द्वारा दिए गए कथित खुलासा बयान के आधार पर वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार—दातर/चाकू—जखीरा नहर के निकट झाड़ियों में छिपाया हुआ बरामद किया गया। इस बरामदगी संबंधी आवश्यक स्केच मेमो और मौका नक्शे भी तैयार किए गए। रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों, जिनमें प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान, सी.सी.टी.वी. फुटेज, कथित मकसद संबंधी साक्ष्य तथा वारदात में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी शामिल थी, की जांच करने के बाद माननीय अदालत ने माना कि प्रॉसीक्यूशन द्वारा आरोपी के विरुद्ध आरोप उचित संदेह से परे साबित किया गया है। इसके आधार पर श्रीमती जतिंदर कौर, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अमृतसर ने गुरपिंदर सिंह उर्फ गोपी को धारा 302 IPC के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई। यह फैसला गंभीर अपराधों की जांच में निष्पक्ष एवं व्यापक तफ्तीश, साक्ष्यों के उचित संरक्षण तथा न्यायिक प्रक्रिया के महत्व को रेखांकित करता है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक दलबीर सिंह टोंग ने गांव फेरूमन से 'मान के मुनाफे' अभियान के तहत डोर-टू-डोर अभियान की शुरुआत की





डेली आवाज भारती

अमृतसर/के.एस. बेदी विधानसभा हलका बाबा बकाला से विधायक श्री दलबीर सिंह टोंग ने आज गांव फेरूमन से 'मान के मुनाफे' अभियान के तहत डोर-टू-डोर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की तथा पंजाब सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों और चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं संबंधी जानकारी साझा की। विधायक श्री दलबीर सिंह टोंग ने कहा कि सरकार द्वारा लोगों को सरकारी सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार, कृषि और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का लाभ लोगों तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 'मान के मुनाफे' अभियान का उद्देश्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। डोर-टू-डोर अभियान के दौरान लोगों की समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं संबंधी जानकारी भी प्राप्त की जा रही है, ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। विधायक टोंग ने कहा कि लोगों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फेरूमन सहित विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांवों में भी लोगों के साथ सीधा संपर्क बनाए रखा जाएगा तथा लोगों द्वारा सामने रखी गई समस्याओं और सुझावों को संबंधित स्तर पर उठाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

जनगणना चरण-2 के संबंध में जिला गुरदासपुर के फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

- पहले बैच में 32 फील्ड ट्रेनरों ने लिया भाग

डेली आवाज भारती

गुरदासपुर, (अमनदीप संधू)—जनगणना-2027 के चरण-2 के तहत जिला गुरदासपुर के फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। पहले बैच में 32 फील्ड ट्रेनर भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण प्रधान जनगणना संचालन अधिकारी, गुरदासपुर-सह-डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर आदित्य उप्पल के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को जनसंख्या गणना के कार्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं, प्रक्रियाओं तथा जनगणना विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। उप अर्थ एवं सांख्यिकी सलाहकार



विनोद बेरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद ये फील्ड ट्रेनर आगे गणनाकारों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। जनगणना विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब राज्य में जनसंख्या गणना का कार्य 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक किया जाएगा, जबकि संशोधन चरण 5 जनवरी 2027 से 9 जनवरी 2027 तक चलेगा। इस अवसर पर जिला गुरदासपुर के जनगणना विभाग के समन्वयक विश्वास सोम, रछपाल सिंह, जनगणना विभाग गुरदासपुर से उप अर्थ एवं सांख्यिकी सलाहकार विनोद बेरी, तरनबीर सिंह, मैडम रेनू बाला, श्री नितिन, मैडम रणवीर कौर और श्री मनदीप शर्मा उपस्थित रहे। जिला गुरदासपुर में जनगणना प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में व्याख्याता श्री गुरमीत सिंह भोमा (राज्य पुरस्कार प्राप्त), व्याख्याता श्री संजीव कुमार और व्याख्याता श्री चरणजीत सिंह अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए MCA द्वारा अवैध पशु डेयरियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी । माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित करते हुए तथा नगर निगम अमृतसर के कमिश्नर श्री बिक्रमजीत सिंह शेरगिल, ट्रूस् के दिशा-निर्देशों के अनुसार नगर निगम द्वारा शहर की सीमा के अंदर चल रही अवैध पशु डेयरियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है। इसी अभियान के तहत आज हलका दक्षिणी जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 50, राधा कृष्ण कॉलोनी में अवैध पशु डेयरियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई कमिश्नर श्री बिक्रमजीत सिंह शेरगिल, ट्रूस् तथा एडिशनल कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री अंगद सिंह, नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की दक्षिणी



जोन टीम, कैटल इम्पाउंडिंग टीम, नगर निगम पुलिस फोर्स तथा पंजाब पुलिस के सहयोग से 6 अवैध पशु डेयरियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें खाली करवाया गया। डेयरियों में मौजूद पशुओं को जब्त कर निर्धारित गौशाला में शिफ्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ पशु डेयरी मालिकों द्वारा टीम का विरोध भी किया गया, लेकिन नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने स्थिति को नियंत्रण में रखते हुए कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई जारी रखी और हाईकोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित किया।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सरूप रानी सरकारी कॉलेज में छात्राओं से रू-ब-रू होकर किया संवाद

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी = पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान आज सरूप रानी सरकारी कॉलेज, अमृतसर में छात्राओं से रू-ब-रू हुए। कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती किरणजीत बल्ल ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने कॉलेज की छात्राओं द्वारा शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में किए जा रहे शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए उत्साह एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री



ने छात्राओं से पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं संबंधी विचार साझा किए। उन्होंने कॉलेज की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कॉलेज में ऑडिटोरियम की समुचित व्यवस्था तथा छात्राओं की सुविधा के लिए बस सेवा उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री की अचानक कॉलेज फेरी का छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। छात्राओं ने मुख्यमंत्री से रू-ब-रू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इस अवसर को यादगार बताया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती किरणजीत बल्ल ने मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान को कॉलेज की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनका आभार व्यक्त किया।

गांव घुमाण में आशा कार्यकर्ताओं को किसान जागरूकता अभियान संबंधी प्रशिक्षण

डेली आवाज भारती

श्री हरगोबिंदपुर साहिब/बटाला, (अमनदीप संधू)—डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर आदित्य उप्पल के निर्देशों के तहत ब्लॉक श्री हरगोबिंदपुर साहिब के गांव घुमाण स्थित सामुदायिक केंद्र में पराली प्रबंधन के संबंध में आशा कार्यकर्ताओं के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं की पर्यवेक्षक मैडम परमजीत कौर द्वारा की गई। ब्लॉक के विभिन्न गांवों से पहुंची आशा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए कृषि विस्तार अधिकारी एवं ब्लॉक प्रभारी रजिंदर कुमार ने पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पराली को खेतों में आग नहीं लगानी चाहिए, बल्कि इसे खेतों में ही मिलाकर गेहूं की बुवाई करनी चाहिए। इससे खेतों की उपजाऊ



शक्ति बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी हुई हैं और सभी जानते हैं कि पराली जलाने से सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। पराली जलाने से कई हानिकारक गैसें निकलती हैं, जिनसे विभिन्न गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि अपने-अपने गांवों में घर-घर जाकर किसानों को जागरूक किया जाए कि वे पराली को आग न लगाएं, बल्कि पराली को खेतों में ही मिलाकर गेहूं की बुवाई करें, ताकि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सके। कृषि मशीनरी के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस वर्ष मुख्य कृषि अधिकारी गुरदासपुर डॉ. शाहबाज सिंह चीमा द्वारा ब्लॉक को बड़ी संख्या में कृषि मशीनरी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि लगभग 220 मशीनें सब्सिडी पर दी गई हैं। शिविर के दौरान सभी से अपील की गई कि पराली को खेतों में ही मिलाकर गेहूं की बुवाई की जाए, ताकि खेतों की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाया जा सके और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। इस दौरान उन्होंने किसानों को यह भी संदेश दिया कि किसान फार्मर रजिस्ट्री के तहत अपनी किसान पहचान संख्या जल्द से जल्द बनवाएं, क्योंकि इसके आधार पर ही किसान विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में रणवीर सिंह, रणजीत कौर, राजविंदर कौर, अनीता रानी, लवप्रीत कौर, कुलविंदर शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

अमृतसर में 23 सितंबर को होगी एन.आर.आई. मिलनी; चार जिलों के प्रवासी पंजाबी लेंगे भाग: डॉ. रवजोत सिंह

मान सरकार सीधे संवाद और मौके पर ही समाधान के माध्यम से प्रवासी पंजाबियों की शिकायतों के निपटारे के लिए प्रतिबद्ध

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : प्रवासी पंजाबियों को पेश आ रही समस्याओं और शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निपटारा सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास जारी रखते हुए, मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा 23 सितंबर 2026 को अमृतसर में 'एन.आर.आई. मिलनी' आयोजित की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पंजाब के एन.आर.आई. मामलों संबंधी मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि यह एन.आर.आई. मिलनी प्रवासी पंजाबियों को राज्य सरकार के उच्च सिविल एवं पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव सीधे तौर पर रखने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों की समस्याओं को सीधे सुनना और संबंधित विभागों के आपसी समन्वय के माध्यम से उनके समयबद्ध निपटारे के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करना है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यह एन.आर.आई. मिलनी बुधवार, 23 सितंबर को



सुबह 11-00 बजे होटल ली मेरिडियन, राजासांसी हवाई अड्डे के नजदीक, अमृतसर में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर और तरनतारन जिलों से संबंधित प्रवासी पंजाबी भाग ले सकेंगे और संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपने मुद्दे रख सकेंगे। डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा प्रवासी पंजाबियों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करने और उनकी शिकायतों के निपटारे में तेजी लाने के लिए पूरे राज्य में लगातार एन.आर.आई. मिलनियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले एस.ए.एस. नगर (मोहाली), लुधियाना, मानसा और अमृतसर में एन.आर.आई. मिलनियां आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें प्रवासी पंजाबियों के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार प्रवासी पंजाबी समुदाय को बड़े पंजाबी परिवार का अभिन्न अंग मानती है और सीधे संवाद, पारदर्शिता तथा जवाबदेह शासन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रवासी पंजाबियों को पेश आ रही अन्य समस्याओं के अलावा संपत्ति विवादों, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामलों, प्रशासनिक तथा कानूनी मुद्दों पर विशेष ध्यान देना जारी रखा जाएगा। डॉ. रवजोत सिंह ने संबंधित जिलों के प्रवासी पंजाबियों से अपील की कि वे एन.आर.आई. मिलनी में उत्साहपूर्वक भाग लें और अपनी शिकायतें एवं सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि ऐसा सीधा संवाद विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने में सहायक सिद्ध होगा।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 22-09-2026 19:08 Page 1

पंजाब की जनता नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई चाहती है: भाजपा

■ 'आप' सरकार ने नशा मुक्त पंजाब का वादा कर युवाओं के साथ धोखा किया: सरदार बलदेव सिंह औलख

■ नशा मुक्त पंजाब यात्रा को मिल रहा जबरदस्त जनसमर्थन; पंजाब की जवानी बचाने के लिए लोग भाजपा के साथ

■ नशे ने पंजाब की तीन पीढ़ियों को तबाह किया, 'आप' सरकार ने साढ़े चार साल में सिर्फ दावे किए: मनप्रीत सिंह बादल







डेली आवाज भारती

डेरा बाबा नानक/ध्यानपुर,के.एस. बेदी : उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने कहा कि पंजाब को नशे की दलदल से बाहर निकालना केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि पंजाब की जवानी, परिवारों और भविष्य को बचाने की लड़ाई है। 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' को मिल रहा जनसमर्थन दिखाता है कि लोग नशे के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई चाहते हैं। डेरा बाबा नानक और कोटली सूरत मल्हियां में जसदीप सिंह रंधावा और विजय सोनी द्वारा आयोजित रैलियों को संबोधित करते हुए सरदार औलख ने कहा कि 'आप' ने सत्ता में आने से पहले कुछ महीनों में पंजाब को नशा मुक्त करने के दावे किए थे। साढ़े चार साल बाद भी नशे की समस्या कायम रहने पर सरकार को अपने वादों का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब घोषणाओं और विज्ञापनों की राजनीति नहीं, बल्कि नशा तस्करी की पूरी श्रृंखला पर लगातार कार्रवाई चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े तस्करों, सप्लायरों, वित्तीय स्रोतों और गैंग नेटवर्क के खिलाफ कानून के तहत प्रभावी कार्रवाई के बिना नशे की समस्या पर काबू पाना मुश्किल है। पुलिस कर्मचारी अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें प्रशासनिक सहयोग और बिना राजनीतिक दबाव के कार्रवाई का माहौल मिलना चाहिए। सरदार औलख ने कहा कि पंजाब की पहचान खेल, मेहनत, बहादुरी और खुशहाली से रही है। नशे के खिलाफ सामाजिक और कानूनी लड़ाई को मजबूत कर पंजाब की युवा शक्ति को फिर विकास की मुख्यधारा से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नशा मुक्त भारत के संकल्प के तहत भाजपा पंजाब में भी नशे के खिलाफ जागरूकता और कार्रवाई के मुद्दे को प्रमुखता से उठा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री मनप्रीत सिंह बादल ने कहा कि नशे ने पंजाब की पीढ़ियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार ने पंजाब को कुछ महीनों में नशा मुक्त करने की गारंटी दी थी, उसे अब अपने कार्यकाल के परिणामों का जवाब देना चाहिए। पंजाब की जवानी की बर्बादी केवल बयानों और विज्ञापनों से नहीं रोकी जा सकती। भाजपा के प्रदेश महासचिव रजनीश धीमान ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई नशे की गिरफ्त में आए युवाओं के खिलाफ नहीं, बल्कि तस्करों, सप्लायरों और पूरे नेटवर्क के खिलाफ होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ÷हमारी आंखों के सामने कोई हमारे बच्चों को जहर दे और हम देखते रहें–यह नहीं हो सकता। भाजपा पंजाब के उपाध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक सरदार रविकरण सिंह काहलों ने कहा कि नशा मुक्त पंजाब के लिए तीन मोर्चों पर एक साथ काम करना जरूरी है–सप्लाई चेन तोड़ना, नशा पीड़ितों का प्रभावी इलाज एवं पुनर्वास और युवाओं के लिए रोजगार, खेल तथा स्वस्थ अवसर पैदा करना। उन्होंने कहा, ÷युवा के हाथ में नशा नहीं, रोजगार हो; निराशा नहीं, सपने हों; नशा तस्करों का डर नहीं, कानून का राज हो। भाजपा पंजाब की उपाध्यक्ष बीबी अमनजोत कौर रामूवालिया ने कहा कि 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' पंजाब की जवानी और नशे से पीड़ित परिवारों की आवाज बन रही है। उन्होंने लोगों से इस मुद्दे पर सामाजिक रूप से एकजुट होने की अपील की। भाजपा के जिला अध्यक्ष बघेल सिंह बाहिया ने कहा कि पंजाब की युवा शक्ति को नशे से बचाकर उसकी ऊर्जा को प्रदेश और देश की प्रगति से जोड़ना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ना इस लड़ाई का केंद्रीय हिस्सा है। इस अवसर पर जसदीप सिंह रंधावा, परमीत सिंह बेदी, परमिंदर सिंह घणियां, विजय सोनी, हरविंदर सिंह संधू, कमल ज्योति और प्रदीप सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा-सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने में जुटें कार्यकर्ता : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा में दायित्व पद नहीं, बल्कि जनसेवा और संगठन के प्रति जिम्मेदारी है। भाजपा की 46 वर्षों की यात्रा करोड़ों कार्यकर्ताओं की तपस्या और राष्ट्रसेवा के संकल्प का परिणाम है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक राष्ट्रसेवा की यह विचारधारा निरंतर आगे बढ़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और सुशासन के 25 वर्षों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंगलवार को पंचकुला पंचकमल में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुनील सेन के दायित्व ग्रहण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार और



ओबीसी समाज की भागीदारी बढ़ाने का मंत्र दिया। इंजीनियर सुनील सेन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में काम करे। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शासन के माध्यम से जनसेवा और राष्ट्रसेवा की यात्रा के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनका यह कार्यकाल सेवा, सुशासन, संकल्प और राष्ट्रनिर्माण का प्रेरणादायी अध्याय रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सत्ता को सुख का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' में पूरी सक्रियता के साथ भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ओबीसी समाज से आते हैं, इसलिए संगठन में इस समाज की भूमिका और जिम्मेदारी और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने 'जहां कम, वहां हम' के संकल्प के साथ ओबीसी मोर्चे से हर विधानसभा और हर क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि ओबीसी मोर्चा विशेष रूप से संगठनात्मक मजबूती के लिए काम करे। उन्होंने बूथ स्तर तक ओबीसी समाज के कार्यकर्ताओं के साथ पंचों, सरपंचों, पार्षदों और अन्य जनप्रतिनिधियों को मोर्चे से जोड़ने पर जोर दिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला और अखिल भारतीय कोटे की स्नातक एवं स्नातकोत्तर मेडिकल तथा डेंटल सीटों में ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण, आधुनिक औजार, ऋण और बाजार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

कुराली की शान बना 100 फुट ऊंचा तिरंगा

परमिंदर सिंह गोल्डी और बहादुर सिंह ओके ने किया राष्ट्र को समर्पित

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): नगर कौंसिल कुराली में स्थापित किए गए 100 फुट ऊंचे राष्ट्रीय तिरंगे को पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी और नगर कौंसिल कुराली के प्रधान बहादुर सिंह ओके ने संयुक्त रूप से राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर शहरवासियों में विशाल तिरंगे को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि तिरंगा देश की शान और प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक है। नगर कौंसिल कुराली में स्थापित किया गया यह 100 फुट ऊंचा तिरंगा शहर से गुजरने वाले लोगों को दूर से भी नजर आएगा और कुराली की एक अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा करीब 5 किलोमीटर की दूरी से दिखाई देने की क्षमता रखता है, जो कुरालीवासियों के लिए गर्व की बात है। नगर कौंसिल के प्रधान बहादुर सिंह ओके ने परमिंदर सिंह गोल्डी का स्वागत करते हुए कहा कि 100 फुट ऊंचा तिरंगा कुराली की शान में और इजाफा करेगा। उन्होंने कुरालीवासियों को बधाई देते हुए कहा कि नगर कौंसिल द्वारा शहर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसके बाद परमिंदर सिंह गोल्डी ने नगर कौंसिल में पार्षदों और समस्त कर्मचारियों के साथ बैठक कर शहर के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना और शहर का सर्वांगीण विकास करवाना मुख्य उद्देश्य है। पार्षदों और कर्मचारियों के सहयोग से विकास कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर नगर कौंसिल की उपाध्यक्ष श्रीमती शमा कालिया, कार्यकारी अधिकारी रजनीश सूद, पार्षद शालू धीमान, पार्षद डॉ. अश्वनी शर्मा, पार्षद रमाकांत कालिया, हैप्पी धीमान, पूर्व पार्षद नंदीपाल बंसल, पार्षद हरप्रीत कौर बिंदरखिया, गुरशरण सिंह बिंदरखिया, विनीट कालिया, पार्षद डॉ. नीति कालिया, पार्षद प्रदीप रूड़ा, रजनीश शुक्ला, रिंकू टंडन, अमनदीप सिंह रॉकी, राणा बिक्रम सिंह, एसएचओ इंस्पेक्टर हर्ष मोहन गौतम सहित नगर कौंसिल के समस्त पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी, आम आदमी पार्टी के नेता तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



मोहाली गमाडा दफ्तर पर ईडी का बड़ा शिकंजा

दिल्ली, चंडीगढ़ और जालंधर की टीमों ने डाली रेड, दस्तावेजों की जांच जारी

150 करोड़ रुपए के सीएलयू घोटाले से जुड़ा मामला; पूर्व मुख्य सचिव, आईएएस अफसर और एसएसपी से पूछताछ के बाद ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई

डेली आवाज भारती

मोहाली/चंडीगढ़। मोहाली स्थित ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा - GMAD) के दफ्तर में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीमों ने अचानक दबिश देकर हड़कंप मचा दिया। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली, चंडीगढ़ और जालंधर जोनल ऑफिस से ईडी की संयुक्त टीमें तीन गाड़ियों में सवार होकर गमाडा दफ्तर पहुंचीं और परिसर को अपने घेरे में लेकर रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया। फिलहाल केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह रेड ग्रेटर मोहाली क्षेत्र में हुए लगभग



150 करोड़ के चेंज ऑफ लैंड यूज (CLU) घोटाले और डेवलपमेंट फीस में की गई कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी 'न्यू चंडीगढ़' स्थित सनटेक सिटी (Suntech City) प्रोजेक्ट सहित कई अन्य कमर्शियल व रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स की वित्तीय गड़बड़ियों की पड़ताल कर रही है। इससे पहले भी इस मामले में दो प्रमुख बिल्डरों के ठिकानों पर छापेमारी की जा चुकी है। गमाडा दफ्तर में दस्तावेजों, सीएलयू आवंटन फाइलों और अधिकारियों की भूमिका की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। इस मामले में ईडी की जांच का दायरा पंजाब के शीर्ष नौकरशाहों तक फैल चुका है पूर्व मुख्य सचिव अनुराग वर्मा आवास एवं शहरी विकास विभाग के तत्कालीन प्रमुख रहे राज्य के पूर्व मुख्य सचिव अनुराग वर्मा से ईडी के जालंधर जोनल ऑफिस में 8 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की जा चुकी है। आईएएस कंवलप्रीत बराड़ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की पूर्व निदेशक आईएएस कंवलप्रीत बराड़ से ईडी की टीम 18 अगस्त और 27 अगस्त को लंबी पूछताछ कर चुकी है। 18 अगस्त को उनसे करीब 8 से 9 घंटे तक सवाल-जवाब किए गए थे। एसएसपी मोहाली को समन ईडी ने मोहाली के एसएसपी को भी समन जारी कर पूर्व में दर्ज मामलों और पुलिस जांच से जुड़ा पूरा रिकॉर्ड मांगा था।

हाई ग्राउंड रोड पर जगह-जगह गड्ढे, हादसे का खतरा बढ़ा; सड़क सुधारने के दावे पर भी सवाल

डेली आवाज भारती

जीरकपुर। जीरकपुर प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। ताजा मामला जीरकपुर के हाई ग्राउंड रोड का है, जहां गोपाल स्वीट्स के किनारे से लगी सड़क पर जगह-जगह गड्ढों ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़क पर बने ये गड्ढे किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने की वजह से सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिसके कारण बाइक चालक कई बार हादसे का शिकार हुए हैं। बता दें कि जीरकपुर का यह मार्ग व्यस्त इलाकों में से एक है, जहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। गौर करने वाली बात यह भी है कि 9 अगस्त को The Divine IMAAR GROUP की ओर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिसमें हाई ग्राउंड रोड की खराब स्थिति को देखते हुए सड़क को ठीक करवाने की दिशा में कदम उठाने का दावा किया गया था। पोस्ट में सड़क को लंबे समय से खराब और हादसों के लिहाज से संवेदनशील बताया गया था। हालांकि, मौजूदा स्थिति को देखें तो सड़क की हालत अभी भी खराब नजर आ रही है और जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि सड़क को सुधारने के दावे का असर जमीन पर कितना दिखाई दिया। The Divine IMAAR GROUP की ओर से सड़क सुधारने को लेकर किए गए दावे पर भी स्थानीय लोगों के बीच सवाल उठ रहे हैं कि यह पहल वास्तव में सड़क सुधार तक पहुंची या सोशल मीडिया पर प्रचार और व्यूज तक ही सीमित रही।



पंचकूला नाइट क्लब फायरिंग के तार पाकिस्तान से जुड़े, जांच एटीएस को सौंपी

डेली आवाज भारती

पंचकूला। सेक्टर-11 स्थित अलिफ लैला नाइट क्लब में पिछले दिनों हुई फायरिंग के मामले की जांच अब एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (ञ्जस्) करेगी। जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के कथित तौर पर पाकिस्तान और अन्य देशों में बैठे लोगों से कनेक्शन सामने आने के बाद यह जिम्मेदारी एटीएस को सौंपी गई है। इससे पहले मामले की जांच पंचकूला क्राइम ब्रांच-19 की टीम कर रही थी। क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों के कथित कनेक्शन पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। जांच



एजेंसी के अनुसार, आरोपी पाकिस्तान और अन्य देशों में बैठे अपने कथित आकाओं के इशारे पर हरियाणा और पंजाब में ड्रग्स की तस्करी के लिए ट्रांजिट नेटवर्क के तौर पर काम कर रहे थे। जांच में टेरर फंडिंग की बात भी सामने आने का दावा किया गया है। क्राइम ब्रांच की जांच के अनुसार, आरोपियों के संपर्क विदेश में बैठे लोगों से थे और उन्हें कथित तौर पर फंडिंग भी मिल रही थी। मामले में पाकिस्तान कनेक्शन और टेरर फंडिंग के एंगल सामने आने के बाद उच्च अधिकारियों ने जांच को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी विशेष रूप से गठित एंटी टेररिस्ट स्क्वायड को सौंप दी है। मामले में विदेशी कनेक्शन, कथित ड्रग्स ट्रांजिट नेटवर्क और टेरर फंडिंग के एंगल सामने आने के बाद जांच का दायरा बढ़ गया है। ऐसे में अब एटीएस इन सभी पहलुओं की आगे जांच करेगी। वहीं, जांच एजेंसियां आरोपियों के विदेशी संपर्कों और फंडिंग के स्रोतों को खंगालेंगी।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट 'ज्यूरिस नेक्सस 2026' की करेगी मेजबानी

डिजिटल युग में एआई और आईपीआर से जुड़ी उभरती कानूनी चुनौतियों पर होगी बहस

डेली आवाज भारती

खरड़ (संदीप अकालगढ़िया चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी द्वारा 24 से 26 सितंबर तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 'ज्यूरिस नेक्सस 2026' का आयोजन किया जा रहा है। यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) से जुड़ी उभरती कानूनी चुनौतियों पर चर्चा और बहस होगी। 'ज्यूरिस नेक्सस 2026' में भारत के 17 राज्यों की 105 टीमों के अलावा यूनाइटेड किंगडम, बांग्लादेश, मलेशिया, नेपाल और दक्षिण



अफ्रीका की 7 टीमें हिस्सा लेंगी। इस प्रकार कुल 112 टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भाग लेकर एआई और आईपीआर से संबंधित जटिल कानूनी मुद्दों पर अपने तर्क प्रस्तुत करेंगी। इस अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट के माध्यम से दुनिया भर के उभरते कानूनी विशेषज्ञों, न्यायाधीशों, वरिष्ठ कानूनी पेशेवरों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एक मंच पर लाया जाएगा। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों सहित प्रमुख कानूनी विशेषज्ञ न्यायिक पैनल का हिस्सा होंगे। समारोह में प्रमुख अतिथियों के रूप में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस राजेश बिंदल, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आलोक जैन, पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस संत प्रकाश, कानून एवं न्याय मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. मनोज कुमार, हरियाणा के एडवोकेट जनरल एडवोकेट पवन कुमार मुतनेजा, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के पूर्व निदेशक डॉ. बलराम के. गुप्ता, डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ के वाइस चांसलर डॉ. अमर पाल सिंह तथा गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन मलिक शामिल होंगे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एडवोकेट देवेंद्र पाल सिंह, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड विवेक नारायण, आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, मोहाली की प्रिंसिपल डॉ. रश्मि नागपाल, ष्ठक्कढ्ढज्ञ के वरिष्ठ सलाहकार (आईपीआर) डॉ. राघवेंद्र जी.आर., पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के अतिरिक्त एडवोकेट जनरल एडवोकेट चंचल सिंगला, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित सूद तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य एडवोकेट सुरवीर सिद्धू भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

CMYK

page 7_Layout 1 22-09-2026 19:26 Page 1

सचिन पायलट से रणजीत सिंह जीती पडियाला की मुलाकात

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मोहाली रणजीत सिंह जीती पडियाला ने पंजाब कांग्रेस के नए प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री सचिन पायलट से मुलाकात की। इस दौरान खरड़ विधानसभा हलके की मौजूदा राजनीतिक स्थिति तथा जमीनी स्तर पर पार्टी को और मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान रणजीत सिंह जीती पडियाला ने श्री सचिन पायलट को खरड़ हलके के गांवों और शहरों में कांग्रेस की जमीनी स्थिति तथा कार्यकर्ताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के आम कार्यकर्ता पार्टी की महत्वपूर्ण ताकत हैं और बूथ स्तर से लेकर विधानसभा हलका स्तर तक कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संपर्क बनाए रखना जरूरी है। जीती पडियाला ने कहा कि पंजाब के लोगों से जुड़े मुद्दों को पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाने की जरूरत है। इस दौरान नशे, बेरोजगारी, किसानों, युवाओं, आम लोगों की समस्याओं तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी विचार साझा किए गए। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संपर्क, बूथ कमेटियों की सक्रियता तथा युवाओं और महिलाओं की पार्टी गतिविधियों में अधिक से अधिक भागीदारी से संगठन को और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकता है। मुलाकात के बाद रणजीत सिंह जीती पडियाला ने कहा कि श्री सचिन पायलट के साथ हुई बातचीत के दौरान पंजाब कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संपर्क बढ़ाने तथा लोगों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने संबंधी कई महत्वपूर्ण विचार साझा किए गए। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से खरड़ हलके के गांवों और शहरों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ काम करते आ रहे हैं और आगे भी पार्टी की मजबूती के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।

कार्ति चिदंबरम ने एसआईआर की तुलना जिम को कानूनों से की, बोले- यह लोगों को मताधिकार से वंचित करने की कोशिश

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तुलना अमेरिका के जिम क्रो कानूनों से की। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बहिष्करणकारी है। उनकी यह प्रतिक्रिया चल रहे एसआईआर के दौरान दिल्ली के 31.63 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जाने के बाद आई है। कार्ति चिदंबरम ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा, ÷भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई यह एसआईआर प्रक्रिया, अलगाव के दौरान अमेरिका के जिम क्रो कानूनों के समान है। यह एक बहिष्कारकारी प्रक्रिया है, समावेशी नहीं।÷ जिम क्रो कानून अमेरिका में राज्य और स्थानीय स्तर पर बनाए गए ऐसे कानून थे, जो मुख्य रूप से दक्षिणी राज्यों में लागू थे। इन कानूनों के जरिए नस्लीय भेदभाव को कानूनी मान्यता दी गई थी। ये कानून 1870 के दशक के अंत से लेकर 1960 के दशक के मध्य तक लागू रहे। इन कानूनों के तहत अश्वेत और श्वेत लोगों के लिए स्कूल, परिवहन, सार्वजनिक स्थान, रेस्तरां और अन्य सुविधाएं अलग-अलग रखी जाती थीं। इनका उद्देश्य अश्वेत समुदाय को समान अधिकारों और अवसरों से दूर रखना था।

कांग्रेस नेता ने यह स्वीकार करते हुए कि मतदाता सूची में उन लोगों के नाम नहीं होने चाहिए जो या तो कहीं और चले गए हैं या अब जीवित नहीं हैं, कहा, ÷यह प्रक्रिया इससे कहीं आगे जा रही है और इसका उद्देश्य कई लोगों को मताधिकार से वंचित करना है। पिछले चुनाव में मतदान कर चुके और वर्तमान निवासी मतदाताओं पर यह किस तरह की बोझिल जिम्मेदारी डाल रही है, यह दिल्ली में अब जिन नामों को नोटिस मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट हो रहा है। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्ब बल, विदेश मंत्री एस जयशंकर और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल को मिले नोटिसों का जिक्र करते हुए कहा, ÷यह स्पष्ट रूप से इस प्रक्रिया में एक व्यवस्थागत खामी की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा, अगर लोगों को उसी निर्वाचन क्षेत्र में रहने और पिछले चुनाव में मतदान करने के बावजूद नोटिस मिल रहे हैं, तो सोचिए उन लोगों के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा होगा जिनकी आवाज में शक्ति नहीं है। चिदंबरम ने कहा कि इस प्रक्रिया में पूरी तरह से बदलाव की जरूरत है और उन्होंने चुनाव आयोग से अधिक पारदर्शी और मतदाता-हितैषी बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित होना चाहिए कि मतदान के योग्य कोई भी व्यक्ति वंचित न रह जाए। इस बीच, कार्ति चिदंबरम ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के बारे में भी बात की और इसे युवाओं के लिए अपनी आवाज उठाने का मंच बताया। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से युवा अपनी आवाज उठा सकते हैं और अपनी चिंताओं को व्यक्त कर सकते हैं और यह एक अच्छा प्रयास है जिसे राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने शुरू किया है। इसके अलावा उन्होंने इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम से जुड़े विवाद पर विपक्ष के नेता का बचाव किया। उन्होंने कहा, व्यंग्य राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। क्या भाजपा ने व्यंग्य का सहारा नहीं लिया है? क्या उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं का मजाक नहीं उड़ाया है? मेरा मतलब है, अगर सैटरडे नाइट लाइव भारत में होता, तो भाजपा शायद उन सभी को गिरफ्तार कर लेती और उनके पूरे शो पर प्रतिबंध लगा देती।

इससे पहले, इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान विपक्ष के नेता गांधी के साथ मंच साझा करते हुए एक हास्य कलाकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि तमिलनाडु में आयोजित होने पर इस कार्यक्रम का %बहुत स्वागत% किया जाएगा और इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया जाएगा। जब उनसे भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूछे गए उन सवालों के बारे में पूछा गया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने 1980 की मतदाता सूची में अपना नाम कैसे दर्ज कराया, जबकि वह उस समय भारत की नागरिक नहीं थीं, तो उन्होंने इसे अजीबोगरीब साजिश सिद्धांत बताया।

जिले को नशे के विरुद्ध लड़ाई की मूल इकाई बनाना होगा: अमित शाह

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने वाले टेलीविजन कमर्शियल (टीवीसी) का लॉन्च, और लखनऊ एवं देहरादून में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के नए जोनल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी। कार्यक्रम के दौरान राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एएनटीएफ को सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री ने नए स्वरूप में तैयार एनसीबी की वेबसाइट का शुभारंभ भी किया। एनसीबी द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एएनटीएफ प्रमुखों के साथ-साथ संबंधित सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 5 साल से हम एक के बाद कदम उठाते हुए नशामुक्त भारत के कठिन लक्ष्य को सिद्ध करने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश और दुनिया के लिए सबसे गंभीर खतरा बन चुके नारकोटिक्स पर कड़ा और निर्णायक प्रहार करने और सामूहिक प्रयासों से विजय प्राप्त करने का समय आ गया है। श्री शाह ने कहा कि 31 दिसंबर, 2029 तक हम भारत से नशे के व्यापार को जे से उखाड़कर फेंकने में सामूहिक रूप से सफल होंगे।

अमित शाह ने कहा कि विगत 5 साल में हमने कश्मीर में आतंकवाद, नॉर्थईस्ट में उग्रवाद और नक्सलवाद की समस्या जैसी कई चुनौतियों के खिलाफ सफलता हासिल की है। हमने दशकों से देश के सामने खड़ी इन बड़ी समस्याओं को भारत सरकार के गृह मंत्रालय और सभी राज्यों के सहयोग से समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई सभी लड़ाइयों में से सबसे कठिन



है, लेकिन हम इस लड़ाई को छोड़ नहीं सकते। उन्होंने कहा कि 2047 में विकसित भारत बनाने, भविष्य की पीढ़ियों को बचाने और युवाओं को भारत के विकास के साथ जोड़ने के लिए हमारे सामने एकमात्र विकल्प भारत को नशामुक्त बनाना है। हमें इस समस्या के खिलाफ एकजुट होकर जुनून के साथ लड़ना होगा और विजय प्राप्त करनी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029 इस लड़ाई में शामिल सभी लोगों के लिए गीता के समान है। यह विजन डॉक्यूमेंट 35 से ज्यादा विभागों के साथ चर्चा के बाद बहुत मेहनत से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने सभी स्टेकहोल्डर्स के सुझाव लेकर यह कम्प्लीट रोडमैप बनाने का काम किया है, जो निश्चित लक्ष्यों के साथ सबको दिया गया है। इसमें लक्ष्य और समयसीमा भी निश्चित की गई है। गृह मंत्री ने कहा कि कुछ समय बाद इसका रिव्यू भी करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का गृह मंत्रालय या एनसीबी यह सब अकेला नहीं कर सकते। इस लड़ाई को हम सभी लोगों को टॉप प्रायोरिटी और पूरे मनोयोग के साथ लड़ना भी है और जीतना भी है। अमित शाह ने कहा कि हमारा साझा दायित्व और संकल्प होना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियों को खोखला करने वाली नशे की इस समस्या को हम समाप्त कर दें। हमारा संकल्प होना चाहिए कि न एक ग्राम ड्रग हम दुनिया से देश में आने देंगे और न ही एक भी ग्राम ड्रग हमारे देश से दुनिया में जाएगी। उन्होंने कहा कि दुनियभर के युवाओं के कल्याण का संकल्प लेकर हमने यह रोड मैप बनाया है। अमित शाह ने कहा कि हमें संवेदना के साथ और इसके महत्व को समझकर टॉप मोस्ट प्रायोरिटी पर नशा मुक्त भारत के लिए काम करना होगा। नशे से पीड़ित किसी एक युवा के मां-बाप और उसके भाई-बहन से आप एक बार मिलिए। जब तक आप उनसे नहीं मिलेंगे, तब तक इस लड़ाई के खिलाफ आप में तीव्रता नहीं उत्पन्न हो सकती। रोती-बिलखती मां, छोटी बहन और दसवीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में आने वाला लड़का, धीरे ङ्क्षधीरे मृत्यु की ओर जा रहा है, उसके असहाय मां-बाप यह देख रहे हैं। किसी के लिए इससे बड़ा कोई और दुख नहीं हो सकता है और हमारे लिए भी यह एक राष्ट्रीय क्षति है। एक प्रतिभाशाली बच्चा जो आने वाले दिनों में भारत के विकास में अपना योगदान देने वाला था, उसका जीवन बीच में ही समाप्त हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि हमारे और देश के लिए इससे बड़ा नुकसान कोई और नहीं हो सकता है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई को हमें स्पष्टता के साथ लड़ना है। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई के फोकल पॉइंट्स चिन्हित किया जा चुके हैं और राज्यस्तर पर खुफिया सूचना, जांच, वित्तीय कार्यवाही, अभियोजन को एक ही दिशा में चलाने के लिए एक रोडमैप भी बन चुका हैं।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने विजय माल्या को सोशल मीडिया पर अदालती दस्तावेज पोस्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी

डेली आवाज भारती

मुंबई। एक वकील ने मंगलवार को बताया कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने ब्रिटेन में रहने वाले %भगोड़े आर्थिक अपराधी% विजय माल्या को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले की सुनवाई जारी रहने के दौरान अदालती दस्तावेज सोशल मीडिया पर पोस्ट न करने की चेतावनी दी है। वकील आशीष मेहता ने बताया कि कथित तौर पर ब्रिटेन में मौजूद भगोड़े व्यवसायी को हाई कोर्ट का यह निर्देश ईडी द्वारा माल्या को जांच एजेंसी के हलफनामे को अदालत द्वारा उस पर विचार किए बिना ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपलोड करने पर आपत्ति जताने के बाद आया है। मामले की सुनवाई 13 अक्टूबर को तय करते हुए हाई



कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को ईडी द्वारा किए गए खुलासों को ध्यान में रखते हुए एक नया हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इससे पहले, माल्या ने फरवरी में हाई कोर्ट को बताया था कि वह यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि वह भारत कब लौटेंगे। उन्होंने इंग्लैंड की अदालतों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का हवाला दिया, जिनके कारण वह देश छोड़ने में असमर्थ हैं। उच्च न्यायालय माल्या द्वारा दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। एक याचिका में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओए) के तहत भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किए जाने को चुनौती दी गई है, जबकि दूसरी याचिका में उन्हें औपचारिक रूप से भगोड़ा घोषित करने वाले अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है।

माल्या की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने सर्वोच्च न्यायालय के उन निर्णयों का हवाला दिया, जिनमें याचिकाकर्ताओं की अनुपस्थिति में भी रिट याचिकाओं की सुनवाई हुई थी। उन्होंने कहा कि माल्या के खिलाफ ब्रिटेन में प्रत्यर्पण की कार्यवाही चल रही है और उनके मुवक्किल को इसकी जानकारी है, लेकिन बाध्यकारी अदालती आदेशों के कारण वे ब्रिटेन नहीं छोड़ सकते। हालांकि, उच्च न्यायालय ने माल्या के अदालत में पेश होने के इरादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वे ब्रिटेन के अदालती आदेशों पर भरोसा कर रहे हैं, जबकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया है कि उन आदेशों को चुनौती दी गई है या नहीं। अदालत ने संकेत दिया कि इस तरह के भरोसे को सर्वमान्य औचित्य नहीं माना जा सकता। अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को माल्या के हलफनामे पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने देसाई को सुनवाई के दौरान दिए गए सभी बयानों को रिकॉर्ड पर रखते हुए एक विस्तृत हलफनामा प्रस्तुत करने को भी कहा, ताकि भारत सरकार तदनुसार जवाब दे सके।

अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक की भारत कड़े शब्दों में निंदा करता है : रणधीर जायसवाल

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। भारत ने अफगानिस्तान के पक्तिका और कुनार पर पाकिस्तान की ओर से किए गए हवाई हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में भारत का पक्ष रखा। रणधीर जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा, ÷पाकिस्तान के हमले की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उस हिंसा में कई आम लोगों की जान गई, हमारी उनके साथ संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं, जो घायल हैं उनके लिए कामना है कि वो जल्द ठीक हो जाए। ऐसी आक्रामकता क्षेत्र की अखंडता और शांति व्यवस्था के खिलाफ है। हम अफगानिस्तान के साथ हैं। पाकिस्तान को अपने कार्रवाई पर ध्यान देना चाहिए। इससे पहले की




दुनिया उससे इसे लेकर सवाल पूछे।÷ सोमवार (21 सितंबर) को अफगार्नो स्े तान के कुनार और पक्तिका प्रांतों में पार्को स्े तानी हवाई हमले किए थे। जिसमें तालिबान सरकार के अनुसार तीन लोगों की मौत हो गई थी। एयर स्ट्राइक की निंदा करते हुए तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने चेतावनी दी थी कि इन हमलों का उचित जवाब% दिया जाएगा। मुजाहिद के मुताबिक पाकिस्तान ने कुनार में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। जहां पाकिस्तानी बमबारी में एक महिला और दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं और दो पुरुष घायल हो गए थे। वहीं, पक्तिका हवाई हमले में एक स्थानीय दुकान और एक घर को निशाना बनाया गया। मुजाहिद ने पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपने देश के अंदर सुरक्षा से जुड़ी नाकामियों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए अफगानिस्तान में हमले कर रहा है। मुजाहिद ने एक्स पोस्ट में कहा, ÷हम इस हमले की निंदा करते हैं और इसे पहले किए गए अपराधों की एक और कड़ी मानते हैं। पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व अपने देश की अंदरूनी सुरक्षा नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए एक बार फिर इस तरह की कार्रवाई कर रहा है। अफगान इस हमले का उचित जवाब देगा ये ताजा हमले ऐसे समय हुए हैं, जब पिछले कुछ महीनों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। दोनों पक्षों के बीच कई बार गोलीबारी हो चुकी है और आम नागरिकों के हताहत होने को लेकर चिंता भी बढ़ी है। पाकिस्तान बार-बार तालिबान पर आरोप लगाता रहा है कि वह हथियारबंद समूहों, खासकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगान जमीन से गतिविधियां चलाने से रोकने में नाकाम रहा है। हालांकि, अफगान अधिकारी इस आरोप को खारिज करते रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन इन अफगानिस्तान (यूनामा) ने 28 जुलाई को कहा था कि 1 अप्रैल से 30 जून के बीच अफगानिस्तान में सीमा पार से हुई हथियारबंद हिंसा में 57 लोगों की मौत हुई और 342 अन्य घायल हुए।

हैदराबाद में गणेश जुलूस के दौरान अजगर का इस्तेमाल, वन्यजीव संरक्षण नियमों के उल्लंघन पर मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

हैदराबाद। हैदराबाद में गणेश जुलूस के दौरान अजगर का इस्तेमाल करने पर वन्यजीव संरक्षण नियमों के उल्लंघन पर मामला दर्ज किया गया। इस दौरान नृत्य प्रदर्शन में इस्तेमाल किए गए अजगर और एक मुर्गी को भी बचाया गया। दरअसल, गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान गले में अजगर लपेटकर नृत्य करने वाली एक महिला ने सनसनी मचा दी। विशाखापत्तनम के एक नृत्य समूह ने जवाहर नगर में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान एक भारतीय रॉक अजगर का इस्तेमाल किया। ग्रेटर हैदराबाद सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (जीएचएसपीसीए) और पुलिस ने रविवार रात नृत्य प्रदर्शन में इस्तेमाल किए गए अजगर और एक



मुर्गी को बचाया। जीएचएसपीसीए के सदस्यों ने मधुरा नगर पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर तब कार्रवाई की जब विशाखापत्तनम का समूह गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान प्रदर्शन कर रहा था। जीएचएसपीसीए के मुताबिक, अजगर के मुंह में संक्रमण था, अब उसका पशु चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है। जीएचएसपीसीए ने पुलिस की मदद से लगभग पांच दिनों तक अजगरों के समूह का पता लगाने के बाद बचाव अभियान चलाया। अजगर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित प्रजाति है। सूचना मिलने के बाद जीएचएसपीसीए के सदस्य इस समूह पर नजर रख रहे थे कि सार्वजनिक प्रदर्शनों में एक जीवित सांप का इस्तेमाल किया जा रहा है। महिलाओं सहित यह समूह गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान हैदराबाद के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन कर रहा था। विशाखापत्तनम के इस समूह ने 19 सितंबर को कोंडापुर में प्रदर्शन किया था। पशु अधिकार कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

वैश्य समाज के लोगों के विचार जानने उनके दरवाजे तक पहुंचा अग्रवाल वैश्य समाज

डेली आवाज भारती

भिवानी। अग्रवाल वैश्य समाज...। एक ऐसा संगठन जिसने अपनी सुनाने के लिए नहीं बल्कि समाज के लोगों की बात सुनने के लिए उनके दरवाजे तक दस्तक दी। उनकी समस्याओं, उनके विचारों, उनकी सलाह को सुनकर संगठन के स्तर पर समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। साथ ही विचारों और सलाह को संगठन के एजेंडे में शामिल करने की प्रेरणा ली।

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा (एवीएस) की ओर से प्रदेश भर में जिला स्तर पर संगठन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश को आठ जोन में बांटा गया। तीन-तीन जिलों की एक बार में बैठक की गई। जमीनी स्तर तक लोगों तक पहुंच बनाई। उनसे विस्तार से



संगठन व समाज की चर्चा की। लोगों को संगठन के साथ जुडे र ना केवल संगठन को बल्कि समाज के हर व्यक्ति को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

संगठन के इस अभियान की सफलता इसी से तय हो गई कि संगठन से जुड़ी महिलाओं, युवाओं और स्थानीय नेताओं को अपनी बात प्रदेश के नेताओं के समक्ष खुलकर रखी। जिस प्रकार से संगठन संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने विचार रखे, निश्चित तौर पर वह सराहनीय है। इस बात पर समाज संतोष व्यक्त कर सकता है कि आने वाले दिनों में जब विधानसभा और लोकसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी तो उनमें हमारी मातृशक्ति की भागीदारी भी अधिक होगी। एवीएस के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के मुताबिक, संगठन संवाद कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसे मामले भी सामने आए, जो वास्तव में काफी गंभीर और चिंतनीय थे। राजनीतिक जमीन को मजबूत करने का ज्ञान देते हुए कुछ स्थानीय नेताओं ने खुलकर इस बात को रखा कि किन कारणों से वैश्य समाज के लोग चुनाव हार रहे हैं। किन कारणों से समाज के लोगों को चुनाव में टिकट कम मिल रही हैं। संगठन संवाद कार्यक्रम के दौरान जहां कार्यकर्ताओं ने बेबाकी से अपने सवाल रखे, उसी प्रकार से संगठन से जुड़े प्रदेश के नेताओं ने जवाब भी दिया। उनकी जिज्ञासा को शांत किया। एक सवाल लगभग सभी जगह कार्यकर्ताओं के जहन में रहा। सवाल यह कि जब समाज का कोई व्यक्ति उच्च अधिकारी बन जाता है तब वह समाज के लोगों की अनदेखी करता है। इसका जवाब देते हुए अशोक बुवानीवाला ने कहा कि जब समाज के किसी अधिकारी पर कोई विपत्ति आती है तो समाज के लोग कितना उसके साथ खड़े होते हैं। अगर समाज के लोग उन अधिकारियों के संकट के समय में उनके साथ खड़े होंगे तो निश्चित तौर पर अधिकारी भी समाज के लोगों की को न केवल सुनेंगे, बल्कि उनका काम करने के लिए आगे भी आएंगे।

CMYK

page 8_Layout 1 22-09-2026 20:52 Page 1

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा और उनके समर्थकों का आप में किया स्वागत

माझा और पूरे पंजाब में पार्टी और मज़बूत होगी : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

- पंजाब के लिए अच्छी सोच रखने वाले लोगों का आप में हमेशा स्वागत है: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान
- आप मिलकर 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए काम करेगी: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) को माझा में उस समय बड़ी राजनीतिक बढ़त मिली जब पूर्व सांसद स्वर्गीय रणजीत सिंह ब्रह्मपुरा के बेटे और पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा अपने साथियों सहित आप में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ब्रह्मपुरा और उनके साथियों का स्वागत किया और उन्हें औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल किया। नए नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि समाज और पंजाब के लिए अच्छी सोच रखने वाले लोगों का आप में हमेशा स्वागत है। रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा और उनके साथियों के आने से माझा के साथ-साथ पूरे पंजाब में पार्टी और मज़बूत होगी। हम सब मिलकर पंजाब का विकास करने और इसे रंगला पंजाब बनाने के सपने को पूरा करने के लिए काम करेंगे। रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा के साथ आप में शामिल होने वाले खास लोगों में कंवरदीप सिंह ब्रह्मपुरा, अमरीक सिंह सरपंच, हरजिंदर सिंह बादशाह, बलबीर सिंह बल्ली (डायरेक्टर), जतिंदर सिंह कैरों, फतेह, ब्लॉक समिति मेंबर परमिंदर सिंह कैरों, गुरभेज सिंह कैरों, लवप्रीत सिंह कैरों, बलजिंदर सिंह गोहलवार, गौरवदीप सिंह खैरा, जगमीत हुंदल और गुरप्रीत सिंह शामिल हैं। इसमें शामिल होने से माझा इलाके में आम आदमी पार्टी का आधार और मजबूत हुआ है। नए शामिल हुए नेताओं ने भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की पॉलिसी को घर-घर तक पहुंचाने और पंजाब के विकास के लिए दिन-रात काम करेंगे।

ट्राइडेंट ग्रुप और पंजाब यूनिवर्सिटी की साझेदारी से राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन 'डिकार्बोनिक्स 1.0' का आयोजन

डेली आवाज भारती





चंडीगढ़/पंजाब, (हेमन्त मित्तल) ट्राइडेंट ग्रुप और पंजाब यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डॉ. एसएसबीयूआईसीईटी) के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन 'डिकार्बोनिक्स 1.0' का आयोजन किया गया। यह हैकाथॉन औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन में कमी और टिकाऊ औद्योगिक विकास से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों पर केंद्रित था। इसका ग्रैंड फिनाले 18 और 19 सितंबर को आयोजित हुआ, जिसमें देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों से चयनित 23 टीमों ने हिस्सा लिया।

हैकाथॉन के प्रारंभिक चरण में देशभर से 174 टीमों ने भाग लिया। ये टीमें 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 शिक्षण संस्थानों से थीं। फाइनल के लिए चयनित टीमों में आईआईटी रुड़की, आईआईटी जम्मू, आईआईटी मंडी, एनआईटी जालंधर, एनआईटी हमीरपुर, अन्ना यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और पंजाब यूनिवर्सिटी सहित कई प्रमुख संस्थानों के विद्यार्थी शामिल रहे। 'डिकार्बोनिक्स 1.0' का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों से जोड़ना और उन्हें व्यावहारिक तथा आर्थिक रूप से व्यवहार्य समाधान विकसित करने का अवसर देना था। प्रतियोगिता में एकीकृत कपड़ा एवं कागज निर्माण परिसर को आधार बनाते हुए प्रतिभागियों से कार्बन उत्सर्जन कम करने के संभावित उपायों की पहचान करने के साथ-साथ उनके व्यावसायिक उपयोग और क्रियान्वयन की संभावनाओं का आकलन करने को कहा गया। इस पहल का आयोजन एवं प्रबंधन यूआईसीईटी, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ द्वारा किया गया, जबकि ट्राइडेंट ग्रुप ने औद्योगिक साझेदार और पुरस्कार राशि प्रायोजक के रूप में सहयोग किया। ग्रैंड फिनाले के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ट्राइडेंट ग्रुप की ग्रुप सीएचआरओ पूजा लूथरा ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उनके नवाचार, रचनात्मक सोच और टिकाऊ औद्योगिक समाधान विकसित करने के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। फाइनल में प्रस्तुत परियोजनाओं का मूल्यांकन ट्राइडेंट ग्रुप के उद्योग विशेषज्ञों और शैक्षणिक क्षेत्र के विशेषज्ञों की संयुक्त जूरी ने किया। प्रतियोगिता में कुल 1.75 लाख रुपए की पुरस्कार राशि रखी गई थी। इसमें प्रथम पुरस्कार 75 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए तथा दो तृतीय पुरस्कार 25-25 हजार रुपए के थे। जूरी के समक्ष प्रस्तुतियों और विस्तृत विचार-विमर्श के बाद विजेता टीमों की घोषणा की गई। पुणे की एमआईटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी की टीम ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 75 हजार रुपए हासिल किए। आईआईटी रुड़की की टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए मिले। वहीं एसीटेक कैंपस, अन्ना यूनिवर्सिटी और यूआईसीईटी, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की टीमों ने संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार हासिल किया। दोनों टीमों को 25-25 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। विजेता टीमों को औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन में कमी से जुड़े जटिल सवालों के लिए नवोन्मेषी और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया।

'डिकार्बोनिक्स 1.0' के माध्यम से ट्राइडेंट ग्रुप ने विद्यार्थियों को वास्तविक विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियों को समझने और अपने ज्ञान का उपयोग उद्योग से जुड़े टिकाऊ विकास के मुद्दों के समाधान में करने का अवसर प्रदान किया। इस पहल ने उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग के महत्व को भी सामने रखा। इसके माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों में भविष्य की औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप कौशल विकसित करने और कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था के लिए व्यावहारिक समाधान तैयार करने की दिशा में प्रयास किया गया।

पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल एडवाइजरी को फर्जी बताया, कहा-कोई निर्देश जारी नहीं किया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक कथित एडवाइजरी को लेकर फैक्ट चेक जारी किया है। पंजाब पुलिस ने साफ किया है कि ऐसी कोई भी एडवाइजरी विभाग द्वारा जारी नहीं की गई है और वायरल मैसेज पूरी तरह फर्जी हैं। पंजाब पुलिस के आधिकारिक %एक्स% हैंडल से पोस्ट कर लिखा गया, ÷फैक्ट चेक। गलत एडवाइजरी। पंजाब पुलिस हेडक्वार्टर या उसके अधीन किसी भी पंजाब पुलिस के ऑफिस ने पुलिस कर्मियों को ऐसा कोई निर्देश या एडवाइजरी जारी नहीं की है जिसमें कहा गया हो कि वे ड्यूटी पर जाते या लौटते समय यूनिफॉर्म न पहनें और ड्यूटी पर आते-जाते समय आम लोगों जैसे कपड़े पहनें। सोशल मीडिया पर फैल रहे ऐसे मैसेज फर्जी हैं और उन पर ध्यान नहीं देना चाहिए।÷ पुलिस ने नागरिकों और पुलिसकर्मियों दोनों से अपील की है कि वे सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा करें। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और वॉट्सऐप ग्रुप्स पर एक मैसेज तेजी से वायरल हो रहा था, जिसमें दावा किया जा रहा था कि पंजाब पुलिस हेडक्वार्टर ने अपने कर्मियों को निर्देश दिया है कि सुरक्षा कारणों से वे ड्यूटी पर आने-जाने के दौरान वर्दी न पहनें और सादे कपड़ों में यात्रा करें। इस मैसेज के वायरल होने के बाद पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम लोगों में भी भ्रम की स्थिति बन गई थी। इस भ्रम को दूर करने के लिए पंजाब पुलिस को आधिकारिक रूप से स्पष्टीकरण देना पड़ा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की फर्जी खबरें न केवल पुलिस बल के मनोबल को प्रभावित करती हैं बल्कि आम जनता में भी गलत धारणा पैदा करती हैं। पंजाब पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी सूचना को आगे शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच कर लें और केवल पुलिस के वेरिफाइड सोशल मीडिया अकाउंट्स और आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी पर ही विश्वास करें। साथ ही, पुलिस ने यह भी कहा कि फर्जी एडवाइजरी फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

आप नेता नीतू कपूर सिंगला ने महिला के आरोपों पर एसजीपीसी, अकाली दल (बादल) और विपक्ष की चुप्पी पर उठाए सवाल

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (पंजाब) की प्रवक्ता नीतू कपूर सिंगला ने मंगलवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी), शिरोमणि अकाली दल (बादल) और विपक्षी पार्टियों से बहरीन की एक महिला के आरोपों पर जवाब मांगा। उन्होंने सवाल किया कि महिला छह महीने तक एसजीपीसी के सराय में कैसे रही और उसके रहने और खर्च का जिम्मेदार कौन था। आप पंजाब की प्रवक्ता नीतू कपूर सिंगला ने कहा कि वह किसी को दोषी ठहराने नहीं आई हैं, बल्कि एसजीपीसी के सराय में महिला के रहने और उसके मैनेजमेंट के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही के बारे में जवाब मांग रही हैं। उन्होंने सवाल किया, अगर एसजीपीसी के सराय में एक महिला के साथ यह सब हुआ, तो उसके वहां रहने के लिए कौन जिम्मेदार था? उसे वहां कौन लाया? वह छह महीने तक वहां कैसे रही? उसके रहने, टिकट और खर्च का इंतज़ाम किसने किया? नीतू कपूर सिंगला ने कहा कि एसजीपीसी और शिरोमणि अकाली दल के मेंबर अमरजीत सिंह चावला के खिलाफ रेप, गैर-कानूनी तरीके से बंधक बनाने और धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी सराय में महिला के रहने के हालात गंभीर सवाल खड़े करते हैं कि उसे रहने की जगह किसने दी और उन छह महीनों के दौरान उसके लिए कौन जिम्मेदार था। अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल पर निशाना साधते हुए, नीतू कपूर सिंगला ने महिलाओं के मुद्दों पर उनके हालिया विरोध के बावजूद उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ÷आप दूसरों के बारे में ज़ोर-शोर से बोलती हैं। आज क्या हुआ जब मामला आपके अपने लोगों से जुड़ा है? इस महिला को बताएं कि उसे न्याय मिलेगा या नहीं। नीतू कपूर सिंगला ने एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि महिला ने शिकायत लेकर हरजिंदर सिंह धामी से संपर्क किया था। ÷उस शिकायत का क्या हुआ? जब उसने आपसे संपर्क किया तो क्या कार्रवाई की गई? विपक्ष की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए, नीतू कपूर सिंगला ने कहा कि न तो कांग्रेस और न ही भाजपा ने इस मामले पर कोई बयान दिया है। उन्होंने खास तौर पर पंजाब कांग्रेस प्रधान राजा वारिंग, भाजपा नेता सुनील जाखड़ और कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा से सवाल किए। उन्होंने पूछा, सुखपाल खैरा हर सुबह आप के खिलाफ बोलते हैं। वह आज इस मामले पर क्यों नहीं बोल रहे हैं?÷



- जब महिला ने मदद मांगी तो हरसिमरत बादल चुप क्यों हैं? एसजीपीसी ने महिला के 6 महीने तक रहने के बारे में सवालों का जवाब क्यों नहीं दिया? - आप

नीतू कपूर सिंगला ने यूथ अकाली दल के नेताओं सरबजीत सिंह झिंजर और विरसा सिंह वल्टोहा के साथ-साथ अकाली दल (बादल) और एसजीपीसी से जुड़े दूसरे लोगों की कथित भूमिका पर भी जवाब मांगा, खासकर इस बात पर कि महिला को बहरीन से कौन लाया और उसके रहने का इंतज़ाम किसने किया। अकाली दल लीडरशिप से आगे आने की अपील करते हुए, नीतू कपूर सिंगला ने कहा, ÷महिला के साथ खड़े हों और उसके लिए लड़ें। जिसने भी जुर्म किया है, उसे लोगों के सामने लाया जाना चाहिए और जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। नीतू कपूर सिंगला ने कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रह सकता, क्योंकि पंजाब के लोग जवाब के हकदार हैं। उन्होंने कहा, ÷वह भी पंजाब की बेटी है। उसे बहरीन से कौन लाया? वह छह महीने तक एसजीपीसी के सराय में कैसे रही? उसके रहने और खर्च का इंतज़ाम किसने किया? हम इन सभी सवालों के जवाब चाहते हैं। नीतू कपूर सिंगला ने अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल और हरसिमरत कौर बादल से भी पूछा कि वे क्या कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, ÷हमें महिला के लिए इंसाफ और इन सवालों के जवाब चाहिए। हम चुप्पी नहीं चाहते। पंजाब जवाब मांग रहा है, चुप्पी नहीं।

बॉलीवुड एक्ट्रैस रानी मुखर्जी की मां का निधन

75 साल की उम्र में कृष्णा मुखर्जी ने ली आखिरी सांस

बंगाली सिनेमा की थी मशहूर सिंगर

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रैस रानी मुखर्जी की मां कृष्णा मुखर्जी का निधन हो गया है। 75 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। यशराज फिल्मस ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। कृष्णा मुखर्जी बंगाली सिनेमा की जानी-मानी प्लेबैक सिंगर रह चुकी हैं। वे अक्सर अपनी बेटी रानी के साथ कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आती थीं। मां के निधन से मुखर्जी परिवार में दुख का माहौल है। परिवार ने इस मुश्किल समय में मीडिया और फैंस से प्राइवेसी बनाए रखने की अपील की है।

दूध की डेयरियों का स्टिंग आप्रेशन

दूध में पानी मिलाने का एक और वीडियो आया सामने

जालंधर। जालंधर में त्योहारी सीजन के बीच दूध में मिलावट को लेकर एक के बाद एक वीडियो सामने आने से मामला गरमा गया है। जमशेर इलाके की डेयरियों पर नए स्टिंग ऑपरेशन में दूध में पानी मिलाए जाने का दावा किया जा रहा है। कर्मचारी उसे वीडियो बनाने को लेकर सवाल करने लगता है। इसके बाद वीडियो बनाने वाला व्यक्ति दूध के कैन में पानी डाले जाने की बात दिखाता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो राधे श्याम डेयरी का है, हालांकि इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। सामने आए वीडियो में दूध के कैन के पास पानी मिलाए जाने का दृश्य दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। वीडियो को लेकर सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है।

किसानों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस से टकराव, धान खरीद शुरू करने की मांग

डेली आवाज भारती



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में किसानों और हरियाणा पुलिस के बीच टकराव हो गया, जब किसान धान की खरीद शुरू करने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे थे। किसानों के मार्च को रोकने के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस ने रास्ते में बैरिकेड्स लगाए थे, लेकिन अपनी मांगों की सुनवाई न होने से नाराज किसानों के जत्थे ने बैरिकेड्स को पार करने की कोशिश की। इसे रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने किसानों पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया, जिससे किसानों के प्रदर्शन को तितर-बितर किया जा सके। इस संबंध में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने अधिकारियों और सरकार पर किसानों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने से किसान परेशान हैं। उन्होंने अधिकारियों पर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करने का आरोप लगाते हुए सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। चढ़ूनी ने कहा कि किसान अपनी फसल बेचने के लिए इंतजार कर रहे हैं, जबकि खरीद शुरू नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ रही है। अधिकारियों ने खरीद के लिए गुणवत्ता और नमी की आवश्यकताओं का हवाला दिया। उन्होंने निर्धारित 17 प्रतिशत नमी सीमा का जिक्र करते हुए तर्क दिया कि ताजा काटी गई धान में नमी का स्तर अधिक हो सकता है और इसलिए वह तुरंत खरीद के निर्धारित मानकों को पूरा नहीं कर सकती। हालांकि, किसानों का कहना है कि उनकी मांग केवल मंडियों में पहुंच चुकी सूखी धान की खरीद शुरू करने की है।

जिला मैजिस्ट्रेट के आदेश जारी

23 सितंबर को स्कूल-कॉलेज और सरकारी ऑफिस रहेंगे बंद

- जिन शैक्षणिक संस्थानों में पहले से कोई परीक्षा है तो वहां पर यह आदेश लागू नहीं होंगे
- वहीं यह अवकाश बाबा शेख फरीद जी के आगमन पर्व के सम्मान में घोषित किया गया

डेली आवाज भारती



फरीदकोट। स्कूल-कॉलेज के छात्रों और सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। फरीदकोट जिला प्रशासन ने 23 सितंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह फैसला बाबा शेख फरीद जी के आगमन पर्व के अवसर पर लिया गया है। इस संबंध में जिला मैजिस्ट्रेट राहुल चाबा द्वारा आधिकारिक आदेश जारी किए गए हैं। अवकाश की घोषणा के बाद जिले के विभिन्न सरकारी विभागों और शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी रहेगी। हालांकि जिन शैक्षणिक संस्थानों में पहले से कोई परीक्षा है तो वहां पर यह आदेश लागू नहीं होंगे। जिला प्रशासन ने 23 सितंबर को सरकारी छुट्टी का ऐलान किया गया है। यह भी स्पष्ट किया है कि यह अवकाश बाबा शेख फरीद जी के आगमन पर्व के सम्मान में घोषित किया गया है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि अवकाश से लोगों को पर्व में शामिल होने और धार्मिक गतिविधियों में हिस्सा लेने की सुविधा मिलेगी।

आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

हालांकि जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश बैंकिंग संस्थानों पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा जिन स्कूलों, कॉलेजों या अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पहले से परीक्षाएं निर्धारित हैं, वहां यह अवकाश प्रभावी नहीं रहेगा। ऐसे संस्थानों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। प्रशासन ने आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

जालंधर जिमखाना क्लब कार्यक्रम विवाद

सिख जत्थेबंदियों ने धार्मिक भावनाएं आहत करने का लगाया आरोप

गायक अंगद तलवार और आयोजकों द्वारा धार्मिक मर्यादाओं का उल्लंघन

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर के प्रसिद्ध जिमखाना क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सिख जत्थेबंदियों के मुताबिक क्लब में आयोजित 'जेन-जी क्लबिंग' कार्यक्रम में गायक अंगद तलवार और आयोजकों द्वारा धार्मिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया गया। आरोप है कि भजन और धार्मिक पंक्तियों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया तथा गुरबाणी की तुकों का इस्तेमाल करते हुए वहां मौजूद लोगों से डांस करवाया गया। कमिश्नर दफ्तर पहुंचे सिख जत्थेबंदियों ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि धार्मिक ग्रंथों और बाणी की इस तरह की प्रस्तुति से सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को गहरा ठेस पहुंचा है। किसी भी धर्म के पवित्र शब्दों और भजनों का इस प्रकार व्यावसायिक या मनोरंजन के लिए दुरुपयोग करना बेहद निंदनीय है।

गायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

जत्थेबंदियों ने साफ किया कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर को औपचारिक शिकायत सौंप कर गायक अंगद तलवार, कार्यक्रम आयोजकों और जिमखाना क्लब की प्रबंधन समिति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस प्रकार के आयोजनों के लिए प्रबंधन पूरी तरह से जिम्मेदार है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।